सूर्योदय प्रातः 5:05 सूर्यास्त संध्या 6:39 पखवाड़ा आषाढ़ कृ. पंचमी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 25°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 26 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 133, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

RESIST!

REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखण्ड सरकार...



श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

नशे को ना



टोल फ्री न॰ 112 (24x7) पर कॉल करें

जिंदगी को हाँ

- शिक्षण संस्थानों से **100 मीटर** की परिधि में तम्बाकू निषेध।
- **18 वर्ष से कम आयु** को मादक/नशीले पदार्थ की बिक्री नहीं करें।
- मादक/नशीले पदार्थों की **खरीद-बिक्री** नहीं करनी चाहिए।
- नशीले पदार्थ की **खेती नहीं करें**।
- कानून में **सजा और जुर्माना** का प्रावधान।
- नशीले पदार्थ का **उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन** या **उपयोग** के सहभागी नहीं बनें।
- मादक पदार्थ/अफीम की खेती की सूचना **टोल फ्री नम्बर 112** पर दीजिये।
- ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए **प्रशासन का साथ** दीजिये।
- आपके द्वारा दी गयी जानकारी पर **त्वरित कार्रवाई** होगी। आपकी **पहचान गुप्त** रखी जायेगी।

**नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रिनपास, राँची | केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर | जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र |

PR- 327689 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक झलक

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार नाबालिग की मौत



**अनगड़ा :** अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी में मंगलवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार एक नाबालिग की मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल हो गये। बताया गया कि जोन्हाफॉल निवासी सुकरा लोहरा का बेटा 17 वर्षीय कुलेश स्कूटी पर सवार होकर घर से गोंदलीपोखर जा रहा था, उसके साथ उसके गांव का ही गोविंद लोहरा व मन्नु महतो भी स्कूटी पर सवार थे. चमघाटी के तीखे मोड़ पर एक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दिया। इससे स्कूटी सवार तीनों सड़क पर जा गिरे। मौके पर ही स्कूटी चला रहे कुलेश की मौत हो गई वहीं गोविंद व मन्नु घायल हो गये। दोनों घायलों का इलाज सीएचसी में कर छुट्टी दे दिया गया, वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। अनगड़ा पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया है।

### बेड़ो में बन रहा भव्य दुर्गा मंदिर सहयोग की अपील



**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य दुर्गा मंदिर बन रहा है। इस मंदिर का निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से चल रहा है। समिति के सदस्यों के अनुसार मंदिर के निर्माण में अनुमानित एक करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रामीण मंदिर निर्माण के लिए खुद भी आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा वे मंदिर निर्माण में श्रमदान भी कर रहे हैं। वही मंदिर निर्माण समिति ने प्रखंड के आस पास के गांवों के लोगों से एक बार और सहयोग की अपेक्षा किए हुए हैं। सहयोग राशि अशोक पंडा के पास जमा कर सकते है।महादानी मंदिर परिसर पूरे प्रखंड वासियों की आस्था का केंद्र है। सभी ग्रामीण आर्थिक सहयोग कर रहे है वहीं अन्य लोग जो इस मंदिर पर आस्था रखते है उनसे भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि भगवान उनके सभी दुखों का हरण करने के लिए साक्षात ग्राम में उपस्थित है। जल्द ही श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### बेड़ो में नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं

**घर का ताला तोड़ कर बिजली मिस्त्री की बाइक चोरी**

**बेड़ो :** बेड़ो में चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। चोरों का मनोबल इतना बढ़ चुका है की अब वे बाजार,चौक चौराहे के अलावे घर के अंदर रखी बाइक को घर के अंदर घुसकर चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बेड़ो में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटना बढ़ चुकी है। वहीं सोमवार की रात थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव निवासी बिजली मिस्त्री बासुदेव उरांव पिता बिरसा उरांव की बाइक चोरी हो गई। इस बाबत बिजली मिस्त्री ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से बताया कि वे अपने घर रात्रि लगभग 10:00 बजे आए। उसके बाद हर रोज की तरह घर के अंदर में अपनी स्पेलडर बाइक नंबर जेएच 01एक्यू 4478 को खड़ा कर खाना खाकर घर में सो गए। जब सुबह उठे तो देखा तो बाइक वहां नही थी। उन्होंने कहा कि काफी देर तक आस पास बाइक की खोज बीन किया, लेकिन कहीं बाइक का पता नही चल पाया।

### 50 प्रतिशत अनुदान में धान बीज वितरण का शुभारम्भ




**बुढ़मू :** ठाकुरगांव लैंप्स परिसर में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान में धान बीज वितरण का शुभारम्भ किया गया। शुभारंभ ठाकुरगांव मुखिया सचिन पाहन, गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, अध्यक्ष बिगन मुंडा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मुकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी कमल कुमार उरांव, एटीएम शुक्ला सरकार आदि ने संयुक्त रूप से किया। लैंपस के सचिव बैद्यनाथ ठाकुर ने बताया की डीआरआरएच2 व डीआरआरएच3 हाइब्रिड धान बीज उपलब्ध है जो 110.50 रुपया प्रति किलो की दर से किसानों को दिया जा रहा है। ठाकुर ने बताया की ये दोनो किस्म के धान एक नंबर व दो नंबर खेतों के लिए उपयुक्त है जो 110 दिन से 125 दिनो के अंदर तैयार हो जाता है। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान बंधन पाहन, जयकुमार कुशवाहा, राजेंद्र कुमार साहू, दीपेंद्र गोप समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची में जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर शिक्षक दें विशेष ध्यान : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची में जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन मंगलवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ। यह रांची में निपुण समागम 2024 के तहत प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएलएम का जिला स्तरीय मेला था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। मेले में सभी ब्लॉक से शिक्षकों द्वारा बनाये गए भाषा, गणित, अंग्रेजी और बहुभाषा से

- निपुण समागम 2024 के तहत प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएलएम का जिला स्तरीय मेला

सम्बंधित टीएलएम को प्रदर्शित किया गया। मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों से आये शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा




कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए यह जरुरी है कि समय-समय पर कक्षा कक्ष में भी इस तरह के टीएलएम का निर्माण अथवा इसका उपयोग होना अति आवश्यक है। उन्होंने राज्य स्तर पर होने वाले टीएलएम मेले के लिए सभी शिक्षकों को शुभकामनाऐं दी। जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, विनय कुमार ने बच्चों की शिक्षा में टीएलएम की महत्ता और इसके उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, के.आर.पी एवं गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि रूम टू रीड, संपर्क फाउंडेशन उपस्थित रहे।

## पथ और नाली स्लैब निर्माण का हुआ शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत पीटीपीएस डीएवी स्कूल के समीप खटाल में15वें वित आयोग के तहत योजना का नाम मुख्य पथ डीएवी स्कूल खटाल से सुखराम के घर तक पेवर ब्लॉक और पीसीसी पथ निर्माण (लागत 249000) एवं न्यू मार्केट योजना का नाम दिनेश साहू के दुकान से लेकर गणेश ठाकुर के दुकान तक नाली सफाई एवं सिलाप निर्माण (लागत 154200) कार्य का शिलान्यास मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया गया। मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा फेवर ब्लॉक पथ से लोगों को काफी आने जाने में सुविधा मिलेगा तथा नाली बनने से जो पानी सड़क पर बहता था जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी अब उससे लोगों को निजात मिलेगा। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति अनीता जैन, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, निर्मल जैन, पंचायत सेवक शब्या कुमारी, वार्ड सदस्य तेरूष देवी, किरण देवी, रणधीर कपूर, अवधेश चैरसिया, अरुण शर्मा, गणेश ठाकुर, विवेक आनंद, अशोक कुमार, रंजन कुमार, संजय यादव, अजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाये : कमलेश राम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** बीते दिनों एक मासूम लड़की के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। 12 वर्षीय बच्ची को दरिंदों ने विकास चौक से कार में बैठाकर घंटे तक दुष्कर्म किया और फिर अधमरे स्थिति में ओरमांझी क्षेत्र में सड़क किनारे फेंक दिया जो अभी पीड़ीता रिम्स में जिंदगी और मौत के साथ जूझ रही है।आज इस मामले को लेकर कांके विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता कमलेश राम के नेतृत्व में मेसरा चौक पर आक्रोश मार्च निकालकर सीएम का पुतला दहन किया गया मौके पर इस घटना का कड़ा विरोध करते हुए कमलेश ने रिम्स में पीड़िता को जाकर देखने के बाद कहा कि यह मन को झकझोर देने वाली घटना हैं।पुलिस प्रशासन से आग्रह है कि दुष्कर्म के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलाए और पीड़ित परिवार मुआवजा दिया जाय अन्यथा हमलोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। झारखंड में महिलाएं के साथ -साथ नाबालिक बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं और सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है भाजपा रांची ग्रामीण के महामंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह बेहद ही चिंतनीय विषय यह है कि मुख्यमंत्री हो या राज्य के मंत्री कोई भी ऐसी वीभत्स घटना पर एक शब्द कहने को तैयार नहीं है ! इसी से अपराधियों का मन और मनोबल बढ़ा हुआ है। आज इस आक्रोश मार्च में राजा महतो, अर्जुन मंडल,संदीप कुमार, संजय महतो, श्रवन कुमार, सागर महतो, श्रृष्टि महतो, किरन देवी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लापुंग में अज्ञात वाहन से कुचल कर युवक की हुई मौत



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के ककरिया से बेड़ो जाने वाली मुख्य सड़क पर जौनी टोली से कुछ दुर आगे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चंपाडिह चापाटोली निवासी 17 वर्षीय गुलाब टोप्पो उर्फ गुल्लू नामक युवक की दर्दनाक मौत देर-रात हो गई है। घटना में युवक का सिर बुरी तरह से कुचल गया। सवेरे में मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों ने सड़क किनारे उसका शव देखा। इसके बाद घटना की जानकारी लापुंग थाना पुलिस को दी गई। पुलिस में घटनास्थल में पहुंचकर सबको कब्जे में लेकर प्राथमिक छानबीन करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार युवक शादी समारोह में शामिल होने कोयसारा गांव गया था। जिसके बाद वहां से अपने दोस्त के साथ नदी टोली गांव जाने के लिए निकला था। संभावना जताई जा रही है की इसी दौरान हादसा हो गई।

## शालिनी अस्पताल व उषा मार्टिन ने लगाया हेल्थ कैम्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा के राजकीय मध्य विद्यालय में शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 90 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं दवा वितरित की गई। यह कैंप उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से सी एस आर कार्यक्रम के तहत लगाया गया, स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर मृदुला कच्छप ने मरीजों का इलाज किया। शिविर को सफल बनाने में शिशिर कुमार भगत, मोहर महतो, संपूणानंद महतो, दिलीप मुंडा विद्यालय की प्रभारी मनीष एक्का का सहयोग रहा। अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि अस्पताल द्वारा आसपास के गांवों और विद्यालयों में करीब 3 वर्षो से स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से उचित स्वास्थ्य देखभाल




एवं स्वस्थ दिनचर्या की जानकारी दी जा रही है। अस्पताल द्वारा एनीमिया मुक्त अभियान एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी विद्यालयों में चलाया जा रहा है जिससे अब तक हजारों बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा और हमारा उद्देश्य विद्यालय के बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता साथ ही उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शालिनी अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत बीपीएल परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है जिसका अस्पताल के आसपास के ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं शालिनी अस्पताल में उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराया गया है जिससे मरीजों की गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।अस्पताल में महिला विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा उपलब्ध कराई गई है, इस क्रम में डॉक्टर अमन सैंकी एवं डॉक्टर पी आर बाखला अपनी सेवा दे रही है।

## बेड़ो में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कटहल टोली व पुरियो गांव में सीएफएलडी खरीफ तिलहन मूंगफली के अंतर्गत खरपतवार एवं उर्वरक प्रबंधन के साथ मूंगफली उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम डा मनोज कुमार सिंह ,फसल वैज्ञानिक के वी के रांची व रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के बैनर तले आयोजित किया गया।साथ ही साथ रांची जिले के रातू प्रखंड में तिगरा नयाटोली गांव के 20 एकड़ में 714 किलोग्राम मूंगफली और 5 एकड़ में तिल तथा कटहल टोली व पुरियो गांव में किसानों के बीच 20 एकड़ में 714 किलोग्राम में मूंगफली बीज (नई किस्म ङ 1812) तथा 10एकड़ में तिल की नई प्रभेद गुजरात तिल 6 इनपुट का वितरण किया गया। यह बीज मूंगफली का 112 से 115 दिन में पक कर तैयार हो जाता है। इसमें तेल 50-51%है। वहीं मौके पर मुखिया नीरज कुजूर,ग्राम प्रधान जयराम कच्छप व कृषक मित्र बिंदेश्वर महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएवी बरकाकाना ने मादक द्रव्य के दुरुपयोग के खिलाफ निकाली साइकिल रैली




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकाकाना :** शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के दिशा निर्देश पर, डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना ने मादक द्रव्य के दुरूपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जो जागरूकता फैलाने और समाज को मादक द्रव्य के दुरुपयोग से बचाने के लिए एकजुट हुए। रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई जिसे विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई वापस स्कूल पहुंची। इस अवसर पर छात्रों ने नशे के खिलाफ नारे लगाए और मादक द्रव्य के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने वाले पोस्टर और बैनर लेकर चलें। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने इस अवसर पर कहा कि मादक द्रव्य का दुरुपयोग न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज और राष्ट्र को भी प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## जनसमस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर बीडीओ जयपाल सोय व सीआई रमेश रविदास को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भूमि संबंधी कार्यो को समय सीमा में करने, ऑनलाइन सुधार में रुपये का लेन-देन नहीं करने, प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों को मुआवजा देने, मनरेगा योजनाओं के लाभूकों को यथाशीघ्र राशि का भुगतान करने, पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिन जल नल योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराने, वृद्ध व्यक्तियों को समय पर पेंशन राशि का भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, सत्यदेव मुंडा, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, जगेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, एतवा बेदिया, संजय नायक, शिकारी महतो, हरिहर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेविका का चयन करने के लिए आमसभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के ओझासाड़म पंचायत सचिवालय परिसर के सामने मंडा टांड़ में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र ओझासाड़म में सेविका का चयन करने के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में एक आवेदिका का चयन के बाद ग्रामीणों ने गलत चयन करने का आरोप लगाते हुए विरोध कर दिया। चयन के बाद सीडीपीओ जाने लगी तब ग्रामीणों ने सीडीपीओ के वाहन को रोक दिया। सूचना पाकर बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची तब सीडीपीओ बुढ़मू आयी। इसके बाद सीडीपीओ के चयन प्रक्रिया से नाराज ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन दिया और गलत तरीका से चयन होने की बात कहकर सेविका के चयन को रद्द करने का आग्रह किया। वहीं आवेदिका विधवा शोभन देवी ने बताया कि बताया कि सेविका चयन के दौरान सीडीपीओ ने मनमानी करते हुए कम पढ़ी लिखी महिला का चयन कर दिया जिसका विरोध करने पर सीडीपीओ बैठक को छोड़कर चली गई। वहीं एक आवेदिका रिया तिर्की ने भी चयन में गड़बड़ी करने की बात बतायी। इस संबंध में प्रभारी सीडीपीओ मुनीश्वरी बाड़ा ने बताया कि चयन में सरकारी प्रक्रिया का पालन करते हुए चयन किया गया है। बीडीओ धीरज कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की आपत्ति आया, जिला कल्याण पदाधिकारी को इस संबंध में जानकारी देने की बात कही।

## जिप सदस्य ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के कारुम गांव में 15 वें वित्त योजना के तहत नाली निमार्ण का शिलान्यास जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने किया। मौके पर हिन्दीया टोप्पो ने कहा कि यहां पर नाली निर्माण की मांग ग्रामीण काफी दिनों से कर रहे थे। नाली निर्माण होने से अब सड़क पर पानी नहीं बहेगा साथ ही ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर पुर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज, अनिल साहू , कृष्ण कुमार समेत कई लोग मौजूद रहें।

## ओरमांझी प्रखंड कार्यालय में लगा एक दिवसीय लोक अदालत सह राजस्व सम्बन्धी शिविर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सौजन्य से एक दिवसीय लोक अदालत सह राजस्व संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। एकदिवसीय लोक अदालत का आयोजन अंचल अधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन की अध्यक्षता में की गई।और लोक अदालत का संचालन उप निरीक्षक अशोक बड़ाइक ने की।वहीं लोक अदालत में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,प्रखण्ड उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, विधायक के सलाहकार रमेश उरांव,सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, भूमि राजस्व विभाग के विधायक प्रतिनिधि अब्दुल रशीद अंसारी शामिल हुए। सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत की शुरूआत की।जिसमें दर्जनों भूमि विवाद से संबंधित मामले आए।शिविर में कई मामलों का निपटारा किया गया।लोक अदालत में पहुंचे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची कार्यालय की पीएलवी शीला तिग्गा और किरण कुमारी के द्वारा सहयोग किया गया। इस मौके



पर कई रैयतों का ऑनलाइन रसीद निर्गत किया गया। लोक अदालत में खतियान उपलब्ध नहीं रहने और खतियान ऑनलाइन नहीं हो पाने के कारण जाति,आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत होने में कठिनाई होने की बात रखी गई। इस दौरान अंचल अधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन ने बताया कि सभी के गांव का खतियान आधा अधूरा ऑनलाइन किया गया है। जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं रिकॉर्ड रूम में खतियान का ट्रेस नहीं होने के कारण लोगों को खतियान उपलब्ध नहीं हो पा रहा।इन सभी समस्याओं को जिला के समक्ष रखने की बात बताया गया। इसके अलावा अन्य कई समस्याओं को भी रैयतों ने लोक अदालत में रखा। मौके पर मुखिया सुनील उरांव,दीपक बड़ाइक,प्रेम नाथ मुंडा व सभी राजस्व कर्मचारी और रैयत मौजूद थे।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ उपायुक्त ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश




के आलोक में1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यों, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई की वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है उन मतदान केन्द्रों को दो भागों में विभाजित किया जाएगा साथ ही जर्जर हुए मतदान केन्द्रों को परिवर्तन किया जाएगा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। गौरतलब होकि द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जून 2024 से 27 अगस्त 2024 तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर, भारतीय जनता पार्टी स रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, सीपीआई से लोविंद महतो, आजसू से अनुज तिवारी, आरजेडी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नशा उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने व ग्रामीणों को नशा से होनेवाले नुकसान की दी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** नशा उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने और ग्रामीणों को नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए मंगलवार को भवानीशंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव के बच्चों व शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से आरंभ होकर पंचायत सचिवालय होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों से नशा मुक्त समाज बनाने का आग्रह किया गया। अनेकों प्रकार के स्लोगन हाथ में लेकर बच्चे अभिभावकों से आग्रह कर रहे थे कि खैनी, पान, बीड़ी, सिगरेट, शराब, गांजा, अफीम जैसे जानलेवा नशीला पदार्थ से स्वयं को दूर रखे और अपने परिवार के सदस्यों को भी इससे दूर रखे। मौके पर सुनीला बाखला, संगीता कुमारी, स्वेता कुमारी, निर्मला खलखो, तारिक हबीब, अभिषेक, अंजू, सुलक्षना, धीरेंद्र, दीपक, सुनील, पूनम सहित अन्य मौजूद थे।



सूर्योदय प्रातः 5:05 | सूर्यास्त संध्या 6:39 | पखवाड़ा आषाढ़ कृ. पंचमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 25°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 26 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 133, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,053.52 | 712.44 (0.92%) |
| निफ्टी | 23,721.30 | 183.45 (0.78%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 22 carat | 66,250.00 |
| चांदी | | 910.00 |

## मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की योजनाओं को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक

# मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के स्वरूप में हो बदलाव : चम्पाई

## मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। मुख्यमंत्री खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मंगलवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अति महत्त्वपूर्ण योजना है, जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलिंडर देना है, ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें।

**नया हरा राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाये। नये लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठायें।

**मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के स्वरूप में हो बदलाव**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान हेतु मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरुआत हुई थी। लेकिन, इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिए आगे आयें, इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने इस योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने के निर्देश दिये, ताकि यह योजना सार्थक साबित हो।

**दाल-भात केन्द्रों को सुदृढ़ करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में एक वक़्त का भोजन उपलब्ध कराने के लिए शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दाल-भात केन्द्र संचालित हैं। उन्होंने इन दाल-भात केन्द्रों को सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसे साफ, स्वच्छ और सुन्दर रखने के लिए समुचित कदम उठाये जायें। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोग इन केन्द्रों में भोजन कर सकें। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा

- झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की करें पहल, हरा राशन कार्ड के लिए जोड़े जायें नये लाभुक

### मुख्यमंत्री ने कहा

- धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत दिये जानेवाले धोती/लूंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए

## राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों को बेहतर बनायें : सीएम

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा

- आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी लोगों के इलाज की नयी योजना शुरू करने से जुड़ीं सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करें

### मुख्यमंत्री ने कहा

- सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिले, उनके प्लेसमेंट की भी बेहतर व्यवस्था हो

**राज्य** का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नयी योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपये तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने के निर्देश मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को दिये। वह मंगलवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे ।

**स्वास्थ्य उप केन्द्रों को सुविधायुक्त बनायें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों को बेहतर बनाया जाये, ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केन्द्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाये, जिसमें सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नम्बर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे सम्पर्क कर सके।



**नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ायी जाये**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाये। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इस दिशा में पीपीपी मोड पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### लोकसभा सदस्यों ने लगाये नारे औवेसी बोले जय फलिस्तीन

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में मंगलवार को कई सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के दौरान सदस्यों के अलग-अलग अंदाज और बयान भी दिखाई दिये। हैदराबाद से सांसद असद्दुदीन औवेसी ने जय फलिस्तीन का नारा लगा दिया, जिस पर कई सदस्यों ने आपत्ति जतायी। औवेसी ने शपथ के बाद जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलिस्तीन के नारे लगाये। इस पर कुछ सदस्यों ने आपत्ति जतयी। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि शपथ ग्रहण में दूसरे देश के नारे लगाने के विषय में विचार किया जायेगा और देखा जायेगा कि यह सही है या नहीं।

### अगले हफ्ते होगी नीट-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा अगले हफ्ते की जा सकती है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के अध्यक्ष अभिजात सेठ ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रही है। आने वाले हफ्ते में परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जायेगी।

### संघ प्रमुख भागवत 30 जून को काशी के प्रवास पर

**वाराणसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी पहुंचेंगे और सिगरा स्थित प्रांत कार्यालय में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रांत कार्यालय में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन संघ प्रमुख गाजीपुर के लिए सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना होंगे। गाजीपुर में डॉ. भागवत एक सार्वजनिक कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद पर अधारित पुस्तक का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद हथिया राम मठ में दर्शन पूजन के लिए रवाना होंगे।

### मणिपुर में बंकर ध्वस्त हथियार बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में बिगड़ते हालात के मद्देनजर बड़ी संख्या में अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इस तैनाती का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। बावजूद इसके सुरक्षा बलों का अभियान जारी है। इसी अभियान में सुरक्षा बलों ने एक बंकर ध्वस्त कर इंफाल पश्चिम जिले के कादांगबंद से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान चल रहा है।

## अंदर के पन्नों पर


- 2 बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर शिक्षक दें विशेष ध्यान...
- 5 मोरहाबादी में होगा मादक पदार्थों की रोकथाम के...
- 7 शिक्षा से बदली जा सकती सोच : रामा रविदास...
- 9 सारे प्रोटोकॉल के मानकों का पालन करते हुए...
- 10 अफगानिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल...


## दनुआ घाटी में भीषण दुर्घटना

# पांच ट्रक और एक बाइक आये चपेट में, 03 की मौत, 02 घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** दनुआ घाटी में लगातार दुर्घटना हो रही है। आज फिर भयानक हादसा हुआ। 05 गाड़ियां आपस में भिड़ गयीं। इनमें 03 कंटेनर, 02 टेलर और 01 बाइक थी। टेलर बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें 02 लोग सवार थे। ट्रक के नीचे दब जाने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं एक चालक की भी मौत हो गयी। दो लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची चौपारण पुलिस और एनएचएआई एम्बुलेंस चिकित्सक प्रकाश रजक और उपेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ● शेष पृष्ठ 11 पर

# फौज बहाली में राज्य के आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो, सेना करे पहल : मुख्यमंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी (UYSM, AVSM, SM) ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से सम्बन्धित अपनी भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी ।

**झारखंड में भी इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में राज्य सरकार करेगी सहयोग**

इस मौके ● शेष पृष्ठ 11 पर



मुख्यमंत्री से भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने की शिष्टाचार भेंट

# रातू थाना के सब इंस्पेक्टर ले रहे थे 35 हजार रिश्वत, गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** रातू थाना के एक सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो रांची की टीम ने गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर का नाम सत्येन्द्र सिंह है। सत्येन्द्र सिंह को एसीबी रांची की टीम ने 35 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

**केस कमजोर करने के लिए मांगी थी 35 हजार की रिश्वत**

**एंटी** करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम सत्येन्द्र सिंह को एसीबी मुख्यालय रांची ले गयी है। वहीं, उनसे आगे की पूछताछ की जायेगी। सत्येन्द्र सिंह के खिलाफ रातू थाना क्षेत्र के सरयू नगर की रहनेवाली बबीता सिंह, पति विजय सिंह ने एसीबी में शिकायत की थी। विजय सिंह पर गोली चलाने का आरोप था और उस केस को कमजोर करने के एवज में केस के ● शेष पृष्ठ 11 पर



# सीमा विवादों, आतंकवाद व साइबर खतरों पर वायु सेना प्रमुख ने जतायी चिन्ता

- आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर
- भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में अधिक निवेश करने का सुझाव



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने समकालीन सुरक्षा परिदृश्य में सीमा विवादों और आतंकवाद तथा साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पर चिन्ता जतायी है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करने के साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। वायु सेना प्रमुख ने सुझाव दिया है कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी मंगलवार को सुब्रतो पार्क, नयी दिल्ली के वायु सेना सभागार में भारतीय वायु सेना, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज की ओर से आयोजित एक सेमिनार के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

## राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाये जाने का फैसला लिया गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से पत्र लिख कर इसकी सूचना दे दी गयी है। राहुल गांधी को अब कैबिनेट रैंक का दर्जा मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर इंडिया अलायंस की बैठक हुई।

# स्पीकर का होगा चुनाव, एनडीए से ओम बिरला और विपक्ष की ओर से के. सुरेश होंगे उम्मीदवार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 18वीं लोकसभा के स्पीकर के रूप में ओम बिरला का नाम प्रस्तावित किया है। सत्ताधारी गठबंधन की ओर से मंगलवार को बिरला ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसी बीच विपक्ष ने भी स्पीकर के तौर पर कांग्रेस के के. सुरेश का नामांकन कर दिया है।

लोकसभा की परम्परा रही है कि अध्यक्ष को सर्वसम्मति से चुना जाता है। इस बार सदन में विपक्ष मजबूती के साथ उभरा है और उसकी ओर से उपाध्यक्ष के पद की मांग की जा रही है। सरकार का कहना है कि विपक्ष को बिना शर्त अध्यक्ष के लिए समर्थन देना चाहिए। उपाध्यक्ष पद को लेकर बाद में चर्चा की जा सकती है। ऐसे में सहमति नहीं बनने के कारण विपक्ष की ओर से केरल से आनेवाले ● शेष पृष्ठ 11 पर



# कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर लगाया कलंक : जेपी नड्डा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। आज भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'लोकतंत्र के काले दिन' कार्यक्रम में कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर कलंक लगाया है। कांग्रेस की सोच में उनकी कार्यशैली में प्रजातंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। जिसने विरोध किया, उसे समाप्त करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस जिस तरह से आचरण कर रही है, उससे उनके रौबदार रवैये का पता चलता है। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सशर्त कराना चाहते हैं।



विडम्बना यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां इंडी गठबंधन सत्तारूढ़ है, वहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के पास है। तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाये हैं। कनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी सपीकर है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। ये ऐसे लोग हैं, जो दोहरे मापदंड में जीते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का पाखंड है, जो बेनकाब हो रहा है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे आपातकाल का दंश झेल चुके लोगों से मिलें और यह जानने की कोशिश करें कि तब स्थिति क्या थी। आज का नौजवान कभी कल्पना भी नहीं कर सकता। उस समय, जिन लोगों ने प्रजातंत्र की रक्षा के लिए अपनी आहुति दी थी, उनके कारण आज प्रजातंत्र मजबूत होकर खड़ा है। आपातकाल के काले दिन के आज 50 साल पूरे हो गये हैं। एक ही रात में 9000 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, छोटे-बड़े किसी भी नेता को नहीं छोड़ा गया और 19 महीने से ज्यादा समय तक जेल में रखा गया था। देश का कोई प्रमुख नेता नहीं बचा था। मोरारजी देसाई, मोहन धारिया, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी... ऐसी लम्बी श्रृंखला है। इन नेताओं को एक दिन या दो दिन नहीं, बल्कि 19 महीनों से ज्यादा जेल में रहना पड़ा था। इन नेताओं का कसूर सिर्फ इतना था कि इन्होंने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए आवाज उठायी थी। उन्होंने कहा कि ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस सरकार के घोषित आपातकाल पर भाजपा के प्रहार से भड़के खड़गे

**कांग्रेस** के कार्यकाल के दौरान आपातकाल लागू किये जाने के आज (25 जून) के दिन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं द्वारा काला दिवस मनाये जाने से कांग्रेस के नेता दबाव में दिखे। भाजपा नेताओं की बार-बार काला दिवस पर प्रतिक्रिया आने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भड़क उठे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी सर्वसम्मति और सहयोग की बात करते हैं, मगर उनकी प्रतिक्रिया इसके ठीक विपरीत है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पलटवार करते हुए भाजपा के एक दशक के कार्यकाल की तुलना 'अघोषित आपातकाल'ह्व से कर डाली।

## आपातकाल को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत : पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू

**आपातकाल** के 50 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'इंदिरा गांधी की सरकार के आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया।' बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था?...छात्रों को आपातकाल के बारे में जानना चाहिए।

## एक झलक

### भलुआ निवासी मंगर महतो की वज्रपात से मौत

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के भलुआ में मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे 53 वर्षीय भलुआ निवासी मंगर महतो पिता स्व० जानकी महतो की वज्रपात से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो ने बताया कि मंगर महतो घर के बगल अपने बाड़ी (खेत) में कृषि का कार्य कर रहा था। इसी दरमियान अचानक आकाशीय बिजली करेंट की चपेट में आने से अचेत होकर अपने खेत में गिर पड़ा। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उनके परिजनों ने खोजबीन करने लगे, इसी बीच देखा गया कि बेहोश जमीन पर गिरा हुआ हैं। उसे आनन-फानन में इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच-पड़ताल के पश्चात मृत घोषित कर दिया। वहीं, बक्सपुरा पंचायत के उपमुखिया हेमंत महतो ने बताया कि मृतक मंगर महतो का एक बेटा, तीन बेटी है, जिसमे छोटी बेटी एक पैर से जो विकलांग है, आगे कहा कि इस हृदयविदारक घटना से उनके घर में मातम पसरा हुआ है सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद विष्णुगढ़ पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

### मादक पदार्थों की रोकथाम व जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग :** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में मंगलवार को कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी,द्वितीय स्थान राखी कुमारी, तृतीय स्थान कल्याणी कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ीयो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल प्रशिक्षकों का मुख्य योगदान रहा।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

**गुमला :** मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा के क्रम में बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन के प्रगति प्रतिवेदन पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा किसी भी परिस्थिति में जिले में अवैध खनन परिवहन व भंडारण ना हो इसके लिए जिला खनन टास्क फोर्स, अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स, अंचल स्तरीय टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर जिले में औचक जांच अभियान चलाएं। अगर कोई भी अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला नियंत्रण कक्ष में खनन से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु टेलीफोन स्थापित किया गया है जिसका टेलीफोन संख्या 9934887613 है। जिला खनन पदाधिकारी ने जिले वासियों से अपील कि की जिले के कोई भी नागरिक अवैध खनन से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जानकारी देने वाले के पहचान को गोपनीय रखी जायेगी, एवं दिए गए जानकारी के अनुसार टास्क फोर्स कमिटी द्वारा आवश्यक करवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस को किया संबोधित, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी दी गयी जानकारी

# मतदाता सूची का शुद्धीकरण किया जाना आवश्यक

बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेसवार्ता आयोजित कर मिडिया को संबोधित किया। उन्होने बताया कि स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित निर्वाचक सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण यथा Pre-revision एक्टिविटीज एंड रिवीजन एक्टिविटीज है। Pre-revision गतिविधियों के लिए दिनांक 25.06.2024 से 24.07.2024 तक की अवधि निर्धारित है। Pre-revision गतिविधियों के लिए दिनांक 25.07.2024 से दिनांक 20.08.2024 तक की अवधि निर्धारित है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दिनांक 25.07.2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं दिनांक 20.08.2024 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाना है। साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है। मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25 जुलाई, दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 09 अगस्त तथा दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को किया जायेगा। साथ ही सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा । विशेष कैंपेन दिनांक 27 एवं 28 जुलाई तथा 03 एवं 04 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेषकर Third Gender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Sex Workers, 85+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का निर्वाचक सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नवत समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन किया जाएगा-

1. दिनांक 29.07.2024 (सोमवार) को Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन की कार्रवाई की जायेगी।
2. दिनांक 30.07.2024 (मंगलवार) को जिलान्तर्गत रैन बसेरों/आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु अभियान चलाया जायेगा।
3. दिनांक 31.07.2024 (बुधवार) को पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में Marking हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील

**हजारीबाग :** उपायुक्त वेश्म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों से सहयोग की अपील की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जा कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं तो उसकी सूची भी उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते उनका समाधान किया जा सके। अधिक वोटर वाले बूथ, जर्जर व दूरस्थ बूथों का भी किया जाएगा सर्वेक्षण

**किया जाएगा सर्वेक्षण**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र, जर्जर तथा दूरस्थ मतदान केंद्र तथा शहरी क्षेत्र की सोसाईटीज या हाइ राइज बिल्डिंग जिसमें मतदाताओ की संख्या 500 या इससे अधिक है उन स्थानों पर सर्वेक्षण करते हुए नए मतदान केंद्र का गठन किया जाना है। इस बावत उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि ऐसे क्षेत्रों में यदि कोई नए मतदान केंद्र निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होती है तो वे उसकी सूची अविलंब जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाना है।

## भारी मात्रा में अफीम शराब के साथ एक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** सोमवार रात्रि मे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा चौपारण पुलिस को गुप्त सुचना मिली की ग्राम चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल में तस्करी करने के लिए भारी मात्रा में अवैध शराब एवं अफीम छुपाकर रखा हुआ है। सुचना का सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी छापामारी दल के साथ चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल के पास पहुँचे तो देखा की होटल के पीछे से कुछ व्यक्ति निकल कर भाग रहे है जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया,पकडाए व्यक्ति महावीर यादव पिता देवधारी यादव ग्राम तेतरिया थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार के रूप मे पहचान हुई। तत्पश्चात होटल में आकर विधिवत तलाशी लिया तलाशी के क्रम में होटल के अन्दर एक कमरा के पलंग के बॉक्स में प्लास्टिक में रखा अफीम 1.8 किग्रा, पिसा हुआ डोडा- 02 किग्रा 0, अलग-अलग कम्पनी का अंग्रेजी शराब कुल 101 पीस, केन बियर-72 पीस एवं बोतल बियर 60 पीस बरामद किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-213/24 दिनांक-25/06/24 धारा-272/273/290/भा0 द० वि०, 17(उ) /18(उ) N. D. P. S. ACT एवं 47 (ं) उत्पाद अधि० अंकित कर पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी गयी। छापामारी दल मे थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह,निलेश कुमार रंजन, बिन्देश्वर महतो एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## तालाब में डूबने से दो मासूम की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव में दिल दहलाने वाली घटना सामने आया है। तालाब मे डूबने से एक ही परिवार के दो मासूम सगे भाई की मौत हो गयी। मृतक बच्चे अपनी दादी के दशकर्मा घाट में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों सगे भाई आइराज (9) वर्ष और यशराज (7) वर्ष रामसागर तालाब गए थे। जिससे दोनो मासूमो की मौत हो गयी। इस सम्बंध में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार ने बताया की नहाने के कर्म मे अचानक दोनों बच्चे पानी मे डूब गए ' किसी को नजर तुरंत नहीं पड़ी,बताया कि आज से दस दिन पूर्व मृतक बच्चे की दादी और शिवकुमार मेहता की माता संकरी देवी का आम तोड़ने के क्रम में पेड़ से फिसलकर गिरने से मौत हो गयी थी। जिसकी दशकर्मा कार्य मंगलवार को था। बच्चे घाट से हजामत बनाकर घर लौटे घर मे नास्ता किये और फिर अन्य लोगो को देखकर पुनः तालाब चले गए और नहाने के लिए तालाब में कूद गए। बच्चे बाहर नही निकल सके, बाहर खडा बच्चा शोर किया। तब आस पास के लोग बच्चों को बाहर निकालने के लिए दौड़ पड़े। करीब 20 मिनट में एक बच्चा आइराज (9) वर्ष को निकाला गया। और सीएचसी इचाक लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा बच्चा यशराज (7) को निकालने में बहुत मसक्कत करनी पड़ी तब तक वह पानी मे ही दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना से डाढ़ा गांव समेत पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। बतादें कि शिवकुमार मेहता के दो बेटा और एक बेटी है। जिसमे दोनो बेटा आइराज और यशराज की दादी के दशकर्मा घाट में हृदय विदारक घटना में मृत्यु हो गयी। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, मुखिया संघ के जिला सचिव नंदकिशोर कुमार, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, हरिहर मेहता, प्रकाश यादव समेत कई लोग डाढ़ा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस घटना से पूरा गांव सदमे है। किसी के घर चूल्हा तक नहीं जला है, पुरे गांव सनाटा पसरा हुआ है।

## एकल विद्यालय में मासिक बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के संच चौपारण के साहू भवन चौपारण मासिक अभ्यास वर्ग का सम्पन्न बैठक का अध्यक्षता सर्च प्रमुख नंद केसरी देवी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन ओमकार गायत्री मंत्र सरस्वती वंदना विजय महामंत्र हनुमान चालीसा के साथ विद्युत रूप से किया गया। विशेष चर्चा विद्यालय में बच्चों की संख्या 25 से 30 तक सभी आचार्यों को अपने विद्यालय ग्राम में करनी है बच्चों को संस्कार शिक्षा में ओमकार गायत्री मंत्र सरस्वती वंदना हनुमान चालीसा विजय महामंत्र कंठस्थ अगले महीना तक सभी बच्चों को करवा देना है जी के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किए हैं एवं आज बहुत सारा बच्चों को रजिस्ट्रेशन भी हुआ है जो खेलकूद में भाग लेना चाहते हैं। वैसे बच्चों उपस्थित संच समिति का अध्यक्ष रामसेवक राणा, आचार्य रिंकू देवी, रेखा देवी, रिंकू कुमारी, दिव्या कुमारी सविता देवी, बबीता देवी चंचला देवी, रंजू देवी सुनीता देवी, दीपिका कुमारी, पार्वती देवी, कुंती देवी, नमिता कुमारी, रीता देवी, पार्वती देवी, शोभा देवी, राधा देवी, चांदनी कुमारी, बेबी देवी, इंदु देवी

## प्रखंड कर्मियों को कार्यप्रणाली में सुधार किये जाने की हिदायत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को बीससूत्री सदस्यो और उसके बाद पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। 20 सूत्री समिति की बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया जबकी पंचायत समिति की बैठक की अध्यक्षता कुमारी श्वेता ने किया। 20 सूत्री की बैठक में अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने मनरेगा, अबुवा आवास, पीएचडी विभाग के द्वारा प्रखंड मे चल रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त् किया। मनरेगा में प्राप्त भ्रष्टाचार के बारे में भी उन्होंने मौजूद कर्मियों से तीखे सवाल पूछे और प्रखंड कर्मियों को कार्यप्रणाली मे सुधार किये जाने की हिदायत दिया गया। जल नल योजना के तहत हो रहे काम में गड़बड़ी की भी शिकायत मिलने पर पीएचडी विभाग के मौजूद कनीय अभियंता से इस बारे में पूछा गया। ठेकेदार के द्वारा कई मोहल्ले में पाइप डालने के लिए गड्ढा करके छोड़ दिया गया है जिस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस वजह से लोगों के परेशानियां बढ़ रही हैं इस मुद्दे को भी बैठक में उठाया गया। आवास के संबंध में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में प्रखंड में कुल 418 अबुवा आवास स्वीकृत हुए थे जिनमे से 224 आवास की दूसरी किस्त का भुगतान कर दिया गया है। इस बार 2024 -25 के लिये दस दिनों के अंदर आवास का आवंटन आ जायेगा। अबुवा आवास की प्रतीक्षा सूची में शामिल लोगों को यह आवास के लाभ दिया जायेगा। बीस सुत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव ने खराब चापानल का मुद्दा उठाया उसे शीघ्र ठीक करवाने की बात कही। पंचायत समिति की बैठक में प्रमुख कुमारी श्वेता ने 20 सूत्री और पंचायत समिति की बैठक एक ही दिन कराये जाने का विरोध किया और कहा की अलग-अलग दिन बैठक किया जाना चाहिए। पंचायत समिति की बैठक में भी मौजूद सदस्यों ने प्रखंड में चल रहे योजनाओं की जानकारी ली। प्रमुख ने प्रखंड मे चल रही विकाश योजना मे पंचायत समिति सदस्यों को भी जानकारी देने की मांग किया।

## प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** चरही चुरचू प्रखंड सभागार में मंगलवार को मतदाता सूची में संचित पूनरीक्षण कार्यक्रम से सम्बंधित समीक्षात्मक बैठक चुरचू प्रखंड प्रमुख नियोजन प्रसाद नायक के अध्यक्षता में किया गया इस बैठक में चर्चा किया गया है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना नाम हटाना जैसे अन्य किस्म बातों पर चर्चा किया गया। इस बैठक में खासकर बीएलओ को सख्त निर्देश दिया गया है कि अपने अपने कार्य क्षेत्र पर जाकर प्रचार प्रसार कर नाम जोड़ने तथा नाम हटाने की काम करें 2024 में लक्ष्य रखा गया है कि जितनी भी मतदाताओं की नाम से गड़बड़ी है उसे पूर्ण रूप से सुधार किया जाना है इस क्रम में उपस्थित मुख्य रूप से सूची प्रखंड पदाधिकारी ललित राम, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष नौशाद आलम, राजद से नीरज कुमार प्रसाद, आजसू पार्टी से प्रदीप यादव, प्रखंड के सुपरवाइजर क्रमिक सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## जरूरतमंद लोगों को पांच रुपये में भोजन उपलब्ध करायेगी छात्रोदय केयर फाउंडेशन



**मनोज कुमार**

**चरही :** जरूरतमंद लोगों को पांच रुपए में भोजन, छात्रोंदय केयर फाउंडेशन हजारीबाग द्वारा नई पहल करते हुए चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत के अंतर्गत 55 कमेटी के समीप चुरचू प्रखंड हेन्देगढ़ा मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार गंझू के द्वारा मंगलवार को संस्था ने जानकारी देते हुए बताया भोजन सोमवार और मंगलवार को जरूरतमंद लोगों के लिए पांच रुपए में भोजन दिया जायेगा। संस्था के द्वारा भोजन को पैकेटिंग कर जरूरतमंद लोगों को दिया गया। इस आयोजन पर लोगों ने कहा संस्था ने क्षेत्र के लिए सराहनीय पहल की है जिससे आम जनमानस का एक वक्त की रोटी संस्था के माध्यम से मिल पायेगी। संस्था के द्वारा भोजन वितरण का समय एक बजे से तीन बजे के बीच रखी गई है। मौके पर उपस्थित डायरेक्टर अकाशी तिवारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक राजेश कुमार डायरेक्टर मानस कुमार, आकाशी तिवारी, हेन्देगढा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुनेस्वर तुरी वार्ड सदस्य संगीता देवी, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार रवि, रेखा चौहान, ओम प्रकाश गिरी, राहुल रंजन डॉक्टर, रमेश यादव, राकेश कुमार, भुनेश्वर कुमार, पंचायत समिति सदस्य आशा राय, गौतम सोनी, अनिल गुप्ता, चंपा देवी, लक्ष्मी देवी, बबिता देवी, अंकित कुमार, विनोद कुमार, सहित कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित थे।

### अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन

**बरही :** थाना और आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आजकल समाज में नशा का चलन काफी बढ़ गया है। आज के युवा भी शराब, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, पान, खैनी जैसे नशे के गिरफ्त में फँसते हीं जा रहे हैं। इसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा कल एक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान आईलेक्स के सभी ब्रांच, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकठा, पाण्डेबारा, में एक साथ चलाया जायेगा। इस जागरूकता अभियान की तैयारी में सभी टीचर्स और बच्चे कई दिनों से लगे हुए हैं।

## हिन्दू प्रचारक अमन जल्द जेल से रिहा होंगे : टोनी जैन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टोनी जैन और उनके सहयोगी भाजपा कार्यकर्ता सोनू गुप्ता ने मंगलवार हिंदू प्रचारक अमन कुमार के परिवार से मिले, अमन के माता, पिता, उनकी 2 साल की बेटी और छोटे भाई यीशु से मुलाकात किया और अमन पर चल रहे केस में हो रही सारी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। अमन की माता ने अपने वक्तव्य में कहा कि अमन कोई अपराधी नहीं है, वह तो सिर्फ सनातन और हिंदुत्व का झंडा ऊंचा रखने के लिए काम कर रहा है। महुदी में जो पिछले 40 वर्षों से रामनवमी की झांकी नहीं निकल रही थी उसे निकलवाने के लिए वहां की हिंदु भाई बहनों का सहयोग कर रहा था, अमन को पुलिस ने 11 जून को पटना से बड़कागांव थाना कैस संख्या 106 / 24 मे गिरफ्तार किया भाजपा नेता टोनी जैन ने परिवार के सारे लोगों से मिलकर उनकी बातों को समझा और हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया अपने वक्तव्य ने टोनी जैन कहा की प्रशासन ने कुछ विशेष वर्ग के दबाव में सनातनी हिंदुत्व प्रचारक अमन कुमार को गिरफ्तार किया, महुदी, बड़कागांव में जो कुछ हुआ वह हम सभी हिंदू भाई बहनों के लिए चिंता का विषय है अब समय आ गया है कि हम सभी संगठित हो और अपनी धार्मिक कार्यों में आ रही रुकावट के लिए शांति पूर्ण ढंग से अपनी बातों को शासन प्रशासन के सामने रखें, अमन की गिरफ्तारी हिंदू धार्मिक आस्थाओं पर ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया, हिंदू कभी किसी के धार्मिक कार्यों में अड़चन पैदा नहीं करता है।

# सांसद कार्यालय में हजारीबाग के भाजपाइयों ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झंडा चौक स्थित सांसद सेवा केंद्र, विश्वेश्वर दयाल जयसवाल पथ में आपातकाल को काला दिवस के रूप में हजारीबाग के भाजपाइयों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष दामोदर कुमार सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर डॉक्टर रविंद्र राय, निदेशक हुडको सह पूर्व सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उपस्थित हुए। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी थी एवं चुनाव स्थगित कर दिया गया तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर जेल में डाल दिया गया साथ ही प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर मन माने तौर पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया था। 1971 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी से पराजित प्रतिद्वंदी राजनारायण द्वारा हाई कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी गई थी, की इंदिरा गांधी द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया था एवं पैसे देकर वोट को प्रभावित किया गया था। 4 साल बाद जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया और कहा गया की 6 वर्षों तक कोई पद नहीं संभाल सकती। जिसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय में इंदिरा गांधी द्वारा अपील की गई। परंतु राजनीतिक विरोधियों एवं आंदोलनकारी नेताओं के विकराल रूप को देखते हुए, 5 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा राष्ट्रपति द्वारा करवा दी गई एवं स्वयं इसकी पुष्टि रेडियो प्रसारण के माध्यम से की। इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक विरोधियों जैसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, जयप्रकाश नारायण, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अरुण जेटली, लालु यादव, नीतीश कुमार, सुशील मोदी, जॉर्ज फर्नांडीज, रवि शंकर प्रसाद जैसे नेताओं के साथ-साथ अपने विरोधियों को साधने के लिए मीशा कानून को लागू करते हुए, एक लाख से भी ऊपर अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डलवा दी। 21 महीना के बाद श्रीमती गांधी द्वारा आपातकाल समाप्त करते हुए आम चुनाव की घोषणा की गई। कांग्रेस पार्टी बुरी तरह पराजित हो गई, इतना तक की स्वयं इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव हार गई और पूर्ण बहुमत से मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अमरदीप यादव, ओबीसी मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, केपी ओझा, बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, टुन्नू गोप, सांवरमल अग्रवाल, हरीश श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, उदयभान नारायण सिंह, चंद्रनाथ भाई पटेल, दिनेश सिंह राठौड़, अर्जुन साहू, जिला पदाधिकारी सुनील साहू, सुमन कुमार, दामोदर सिंह, रमेश ठाकुर, विनोद भगत, मूलचंद साहू, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, महेंद्र बिहारी, रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, विवेक बैरियर, रणधीर पांडे, कविंद्र यादव , विजय वर्मा, मनोज गिरी, राजकरण पांडे, रामचंद्र कुशवाहा, हुलास कुशवाहा, शिवपाल यादव, अणेश्वर प्रसाद, पूनम मिश्रा, ज्योत्सना जी मनोरमा राणा श्वेता सिंह सुनीता राणा, लीलावती देवी, सुमन सिंहा, ऋषि शर्मा, इंद्रदेव कुशवाहा, किशोर कुमार, नरसिंह प्रसाद, विद्यासागर अलंकार, उदय मेहता, रोहित कुशवाहा, बबन गुप्ता, बलदेव यादव, मनमीत अकेला, राणा राहुल प्रताप, राजू सिंह, टोनी जैन,यदि सैकड़ो कार्य करता सम्मिलित हुए। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## एक झलक

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान



**रांची** : मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान 19 जून 2024 से लेकर 26 जून 2024 तक आयोजित है। उसी क्रम में गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके के प्रशिक्षु शिक्षकों को डॉ. ओम प्रकाश के संयोजन में मिलकर करेंगे नशे पर वार विषय पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण झा ने शपथ ग्रहण करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं मनोहर लाल टेकरीवाल कालेज सहरसा के सहायक प्राध्यापक डॉ रुपेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।शपथ ग्रहण में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ मजहरूल हक, प्रो धनंजय, डॉ रीतेश, प्रो समीर, प्रो दुलाल, प्रो राकेश, प्रो भगीरथ सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

### आजसू की हेल्प डेस्क की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय से हुई प्रारम्भ



**रांची** : मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की हेल्प डेस्क (सहायता केंद्र ) छात्र छात्राओं के लिए उनकी समस्या संबंधी सभी तरह की जानकारी हेतु हेल्प डेस्क की शुरुवात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से शुरू की गई और ये अभियान पूरे राज्य भर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क प्रारंभ की जाएगी तथा छात्र छात्राओं के समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और छात्र हित में उनको सही मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस आनंद यादव, बबलू मंडल, राजकुमार, आदित्य पटेल, आर्यन राज, अभय कुमार, करिश्मा झा, संजना राठौड़, दीपा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### 107वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ



**रांची** : रामदूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 107 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 107 वा कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। राजेश जयसवाल धर्मपत्नी रेशम जायसवाल ने परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की।

### वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की हुई समीक्षा बैठक



**रांची** : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 17 वें अद्वितीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के समापन के बाद समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने की। भगवान के नगर भ्रमण से लेकर कल्याणोत्सव और इसके भंडारे तक के सारे कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा की गई। श्रीस्वामी जी ने कहा कि अगले वार्षिकोत्सव के बारे में अभी से सोचना शुरू कर दें। भगवान वेंकटेश सभी देवता के देव हैं इनके प्रसन्न होने से सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं और राहु केतु और शनि जैसे वक्री ग्रह भी अनुकूल हो जाते हैं। यह भगवान की असीम कृपा है कि अपने उत्सव, अपने कल्याणोत्सव की कोई भी व्यवस्था हमारे माध्यम से करवाते हैं।

### मोरहाबादी में होगा मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम

# तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु राज्यस्तरीय जागरुकता कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी



उपस्थित थे। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को लेकर मोरहाबादी मैदान में की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान नशे के विरुद्ध आयोजित की जानेवाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में उपायुक्त ने आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मोरहाबादी मैदान भी पहुंचे। बेहतर व्यवस्था हेतु उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नशे के विरुद्ध जन जागरुकता हेतु मानव श्रृंखला, मैराथन एवं साईकिल रैली का आयोजन किया गया है। मैराथन एवं साईकिल रैली के लिए कल सुबह 05:00 बजे से कार्यक्रम स्थल में इच्छुक व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## वृंदा करात ने की चम्पाई सोरेन से मुलाकात



**रांची** : मुख्यमंत्रीचम्पाई सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर पार्टी के राज्य सचिव संजय पासवान, स्टेट कमेटी मेंबर सुरेश मुंडा, अशोक साह और सुभाष हेम्ब्रम तथा सुधांशु रंजन मौजूद थे।

## नशा मुक्ति व जागरूकता को लेकर जी.बी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने निकाली प्रभातफेरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची** : जी.बी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य चंदन भारती के अगुवाई में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जागरुकता को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई।जिस प्रभातफेरी में स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्तियां थामे पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गगनभेदी नारों के साथ लोगों को नशा न करने का संदेश दिया। आगे उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि नशा नाश का द्वार है ।और पर्यावरण हमारी जान है सदा रखें इसका ध्यान का संदेश दिया। इतना ही नहीं हर एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने का भी आग्रह किया और पर्यावरण के प्रति लोगों को प्रेरित किया। प्रभातफेरी सुकुरहुटू, बाजार टांड़ रींग रोड भ्रमण कर पुनः विधालय पहुंचा। प्रभातफेरी को सफल बनाने में प्रधानाचार्य के आलवा शिक्षक शिक्षिकाओं में अजय कुमार पुण्डरीयार, अंजना झा, कुंदन कुमार सिंह, सहादेव महतो, कुंदन यादव, सौरभ अधिकारी शामिल हैं। साथ स्थानीय प्रबुद्ध लोगों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

# भूमि व राजस्व संबंधित विशेष लोक अदालत 29 जून को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, के मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत को लेकर कैंप रांची जिला के 22 अंचल कार्यालय में लगाया गया। सभी कैंप में अंचल का सीओ, कर्मचारी और पीएलवी उपस्थित थे। इसके साथ ही सीसीएल में भी कैंप लगाया गया, जिसमें एजेसी-1, राजीव रंजन, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, राजेश कुमार सिंह, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सीसीएल के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा व इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निस्पादन करना है। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक दिनांक 24.06.2024 से शुरू हो चुकी है, जो दिनांक 28.06.2024 तक चलेगा। सीसीएल में बैठक के दौरान एजेसी-1 ने कहा कि सभी सरकारी संस्थान जो भूमि और राजस्व से संबंधित है, उनके वादों को पहले से ही चिन्हित किया गया है एवं नोटिस भेजा जा रहा है। अधिक-से-अधिक नोटिस का तामिला कराने के लिए भी निर्देश दिये ताकि विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का त्वरित निस्पादन किया जा सके। जिला विधिक से प्राधिकार, रांची के द्वारा संबंधित संस्थानों में कैंप लगाकर वादों को चिन्हित कर उसका निस्तारण एवं लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों में विशेष लोक अदालत से संबंधित पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करें।

## सम्पूर्ण क्रांति की लौ सदैव जलती रही है : डॉ. प्रेम कुमार

**रांची** : जे.पी. आंदोलन के कर्मठ नेतृत्वकर्त्ता वर्तमान मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि सम्पूर्णक्रांति व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई थी। जिसमें मानव मूल्यों को बचाने के लिए संघर्ष किया गया। यह बात आने वाली पीढ़ी को जानने की जरूरत है। जे.पी. ने समस्त देशवासियों के लिए संघर्ष किया था। सम्पूर्णक्रांति सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि वंचितों, शोषितों, दलितों सहित हर क्षेत्र में बदलाव लाने का था। जो लोग मुख्य धारा में नहीं है, उन्हे मुख्य धारा में लाने का प्रयास करना चाहिए, और इसके लिए आज की युवा पीढ़ी को संकल्प लेना होगा।

# पासवा करेगा प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद की अध्यक्षता में पुनः 12वीं बार पासवा झारखण्ड द्वारा मैट्रिक एवं इंटर के जैक, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। पासवा झारखण्ड पिछले 13 वर्षों से पासवा जोकि एक रजिस्टर्ड संस्था है इसके द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रों को सम्मानित किया जाता है झारखण्ड में भी पिछले कई वर्षों से हरिवंश ताना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव राँची, कोडरमा, चतरा, हजारीबाग, जमशेदपुर, रामगढ़ के कई जिलों में भी इस प्रकार का कार्यक्रम आहूत किया जा चुका है। और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पासवा आगामी 01 जुलाई 2024 को जामिआ बैंक्विट हॉल, कडरू राँची [झारखण्ड] में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है जिसमें 2024 बोर्ड परीक्षा में उत्तरीण हुए विद्यार्थियों जिन्होंने 70% या उससे अधिकतम अंक प्राप्त किया है। ऐसे विद्यार्थियों के प्रतिभा को निखारने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पासवा द्वारा विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतू व्हाट्सएप नम्बर एवं मेल आईडी जारी किया है जिसमें आप रजिस्ट्रेशन कर सकते है 8709004058, 9334434042, 9934507175




या भी Email:jharkhandpsawa@gmail.com, toufiqhussain31@gmail.com, cityangelschool@yahoo.com विद्यालय संचालक, संचालिका, प्राचार्य, अभिभावक एवं विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होने हेतु संगठन द्वारा दिए गए उपरोक्त किसी भी एक नम्बर अथवा ई-मेल आईडी पर विद्यालय या विद्यार्थी द्वारा मार्कशीट भेजकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं तथा इसके अतिरिक्त विद्यालय के प्राचार्य भी अपने विद्यालय के सफल विद्यार्थियों की सूची ई-मेल या व्हाट्सएप कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## जल जमाव की समस्या का निदान करे रांची नगर निगम : अभिषेक शुक्ल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात कर उन्हें रांची में मानसून के दौरान जल जमाव की समस्या अवगत कराया। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा रांची में मानसून की दस्तक होते ही पूरे शहर समेत रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 55 वार्ड के गली मोहल्ले में जल जमाव की भारी समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे इन वार्डों में निवास करने वाले आम जनता को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है एवं आए दिन जल जमाव के कारण किसी न किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं होना एवं ड्रेनेज सिस्टम के खराब स्थिति जल जमाव के मुख्य कारणों में से एक है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा जल जमाव की समस्या को देखते हुए नगर निगम युद्ध स्तर पर शहर के तमाम नाले की सफाई एवं ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की व्यवस्था करें और शहर वासियों को इन समस्याओं से निजात दिलाये।

## 08 दिनों में जेनरिक मामले का समाधान नहीं होने पर अनिश्चित तालाबंदी के लिए चेताया : जेसीएम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अमन कुमार तिवारी के नेतृत्व में झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने सत्र 2017-20 तथा 2018-21 के छात्र-छात्राओं के जेनेरिक पेपर 2 के मामले को लेकर पुनः विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। झारखंड छात्र मोर्चा ने 7 जून को ही जेनेरिक पेपर 2 के मामले को लेकर परीक्षा आयोजन अथवा पुनः मूल्यांकन करने हेतु ज्ञापन सौंपा था इस पर इस रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने 7 दोनों का समय मांगा था ताकि इस पर विश्वविद्यालय के वरीय पदाधिकारी से बात कर उचित निर्णय लिया जाए। 15 दिन बीत जाने के बाद जब इस विषय पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया तब झारखंड छात्र मोर्चा ने पुनः अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने हेतु विश्वविद्यालय पहुंचा। ज्ञापन में कहा गया कि 8 दिनों के भीतर इस विषय पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिए जाने पर अनिश्चित तालाबंदी करने की छात्र हित में चेतावनी दी। तब जाकर विश्वविद्यालय द्वारा भुक्तभोगी छात्रों का डिटेल मांगी गई है जिससे झारखंड छात्र मोर्चा भुक्तभोगी छात्रों के मदद से सूची कंट्रोलर को सौंपेगी।

## केके सिंह ने एमटीआई अकादमिक डैशबोर्ड का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सेल ज्ञान उत्सव 2024 के दूसरे दिन, एमटीआई द्वारा अपने 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एचआर-शिक्षण एवं विकास (एलएंडडी) कॉन्क्लेव की शुरूआत 25 जून 2024 को एलएंडडी में भविष्य के फोकस पर पैनल चर्चा के साथ हुई, जिसमें सुमित रुद्र, ग्राहक बिक्री निदेशक, सॉफ्ट स्किल्स और रमन तलवार, मुख्य कार्यकारी, सिमुलानिस ने शिक्षण और विकास में एआई, मेटावर्स आदि जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर प्रस्तुतियां दीं। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा स्टेट ऑफ द क्राफ्ट-एलएंडडी में सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। भानु शर्मा, अध्यक्ष और वैश्विक प्रमुख, एचआर और आईटी, टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड और श्री रवींद्र के सिंह, प्रमुख प्रशिक्षण (आरएम), एलएंडडी, एचआरएम, टाटा स्टील लिमिटेड ने एलएंडडी में उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया।

# विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 17 मामलों को सुलझाया गया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान दिनांक 24.06.2024 से शुरू हो गया है। यह मध्यस्थता अभियान दिनांक 28.06.2024 तक चलेगा। वादकारी 28.06.2024 तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भा0द0वि0 की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं। ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन कुल 28 (अठाईस) मामले विभिन्न न्यायालय से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र रांची में आये थे। इनमें से कुल 17 (सतरह) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। उक्त मध्यस्थता अभियान दिनांक 24.06.2024 से 28.06.2024 तक चलेगा, जिसमें वादकारी अपने वाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन के 09 वर्ष पूर्ण



**रांची** : मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन के 9 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन नौ वर्षों में राज्य के नगर निकायों के लाखों शहरी बेघरों के पक्के आवास का सपना पूर्ण हुआ है, एवं गरीब लाभुकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। विदित हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के क्रियान्वयन में झारखण्ड राज्य अग्रणी राज्यों में से एक है। विदित हो की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत भारत सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के तहत 2,10,002 आवासों के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है, जिसके तहत वर्तमान में 1,22,744 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चूका है, तथा शेष आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मार्च माह में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना लाइट हाउस प्रोजेक्ट, रांची के तहत 1008 आवासों का उद्घाटन किया गया है।

## सामान्य और स्लीपर कोच की संख्या में वृद्धि को बताया गया जरूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची** : झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रेलवे उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में संपन्न हुई। दक्षिण पूर्व रेलवे के डीआरयूसीसी सदस्य तथा रेलवे उप समिति के चेयरमेन नवजोत अलंग ने कहा कि रांची कामांख्यां ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन किया जाना आवश्यक है क्योंकि यह ट्रेन नॉर्थ इस्ट को जोडने के लिए एकमात्र ट्रेन है और यहां से कामाख्या के लिए फ्लाईट की भी सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है। लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट के कारण यात्रियों को होनेवाली कठिनाईयों को देखते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वातानुकूलित कोच के बजाय प्रमुख ट्रेनों में सामान्य और स्लीपर कोच की संख्या बढाई जानी चाहिए ताकि आमजन और मध्यम वर्गीय लोग आरामदायक सफर का आनंद ले सकें। हटिया स्टेशन का डेवलपमेंट वर्क अब तक स्टार्ट नहीं होने पर भी उन्होंने चिंता जताई और जल्द कार्य आरंभ करने को जरूरी बताया। चर्चाओं के क्रम में हुए निर्णयों के उपरांत चैंबर द्वारा डीआरम को पत्राचार कर, सभी मांगों पर कार्रवाई का आग्रह किया गया। मुख्यतः रांची, हटिया, मुरी और नामकोम स्टेशन पर यात्रियों के लिए कुर्सियों की संख्या बढाने, तुलीन और कोटशीला स्टेशन पर पंखे तथा वाटर कूलर की पर्याप्त संख्या बढाने, कुलियों के रेट चार्ट बोर्ड का स्टेशन पर अधिष्ठापन करने, परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का प्रचार प्रसार करने, हटिया दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन सामान्य तौर पर करने, गंगा सतलज एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक करने, अनंतपुर छोर की तरफ डेवलपमेंट कार्य में तेजी लाने तथा डीआरयूसीसी की बैठकों का नियमित आयोजन करने की मांग की गई।

### एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

# नशा से होता है जन, जीवन और समाज प्रभावित : राजेश कुमार सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को संत जेवियर स्कूल, डोरण्डा में नशा उन्मुलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ पी.एन. सिंह, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी-डीएसपी, नेहा बारला, संत जेवियर स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाए एवं राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी एवं औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। मध्यस्थ पी.एन. सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना, अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशा को दुर करने का प्रयास है। सीआईडी-डीसपी, नेहा बारला ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा के चपेट में आकर नशीली पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे है। नशा से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। नशा के रोकथाम के लिए कई कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया, उन्होंने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा न कर मनुष्य स्वस्थ रहता है। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है।

## दिल्ली में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से मिले केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**रांची** : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से मुलाकात कर आगामी 20, 21, 22, सितंबर को रांची में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। ज्ञात हो की 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से रांची में भव्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें रांची लोकसभा के अंतर्गत 6 विधानसभा के लगभग 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया था। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की एक सोच गांव में छिपी प्रतिभा जीसे अवसर नहीं मिल पाता है जो पैसे के अभाव में या फिर खेल सुविधा नहीं होने के कारण अपनी प्रतिभा को सामने नहीं रख पाते हैं वैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर प्रदान करना ताकि यह बच्चे अपने प्रतिभा को साबित कर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर सके क्योंकि यह अवसर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नहीं मिल पाता है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन झारखंड ओलंपिक संघ के देखरेख में आयोजित की जाती है जहां देश के प्रतिष्ठित कोच उपलब्ध रहते हैं जो प्रतिभाशाली बच्चों के प्रतिभा को चयन कर उन्हें राज्य और देश के लिए खेलने को तैयार करते हैं।

## राउंडटेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल ने बच्चों के सपनों को दी उड़ान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राउंडटेबल इंडिया एवं लेडीस सर्कल की रांची समारीटंस शाखा ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल के बारह बच्चों को पहली बार हवाई जहाज से सफर कराया। यह सफर राँची से भुबनेश्वर तक करवाया गया जिसके बाद उन्हें पूरी एवं भुबनेश्वर भ्रमण करवाया गया। यह सफर मंगलवार को करवाया गया। रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कार्यक्रम को फ़्लैग ऑफ किया। यह इस प्रकार का अनोखा प्रोजेक्ट है जो वाकई में ऐसे बच्चों के सपनो को पूरा करता है जो शायद अन्यथा उनके बचपन में एक सपना ही रहे। राउंडटेबल का मुख्य उद्देश्य फ़्रीडम थ्रू एजुकेशन है जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों के लिए अपने खर्च पर स्कूल, क्लासरूम एवं लाइब्रेरी का निर्माण किया जाता है। राउंडटेबल ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल हजाम बस्ती, हटिया रांची में पिछले ४ वर्षों में आठ क्लासरूम का निर्माण एवं टोयलेट ब्लॉक का निर्माण किया है। इस स्कूल में आस पास के तीन सौ से ज्यादा बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में राउंडटेबल एवं लेडीस सर्कल के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे राहुल सिंघानिया, स्नेहा जैन, आकाश खोसला, आकाश सेठी, मनीष जैन, निखिल जैन, आदित्य कटारुका, संदीप खेमका, देवांश, संचित राजगढ़िया, आयुष मोदी, सिद्धांत सुमन, साकार मोहता, प्रीयंका, अनीश एवं प्रीति सराफ़फ, खुश्बू सिंघानिया, अविनाश जैन, चेतन, नीतीश जयसवाल, पीयूष सरावगी, विवेक जैन, अनिरुध सरावगी एवं अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सम्पादकीय.....

## दोनों पक्षों का हाल एक समान

**18वीं** लोकसभा का पहला सत्र सोमवार 24 जून से प्रारम्भ हो गया। यद्यपि, प्रारम्भ के दो दिन सांसदों के शपथ ग्रहण की औपचारिकता में ही निकले। लेकिन, दोनों पक्षों के अंदाज प्रथम दिन से ही ये संकेत दे रहे हैं कि न सत्ता पक्ष अपने पिछले कार्यकाल की शैली को बदलने के मिजाज में है, न विपक्ष इस बार सदन में अपनी ताकत दिखाने का कोई अवसर हाथ से जाने देगा। यह सही है कि विपक्ष के संख्या बल में इस बार काफी इजाफा हुआ है। उसकी ताकत काफी बढ़ी है। लेकिन, 17वीं लोकसभा में जब उसकी संख्या कम थी, तब भी विपक्ष ने विरोध की डिग्री में कोई कमी नहीं रखी थी। यह बात सदन के अन्दर और बाहर ; विपक्ष के हंगामे, वॉकआउट, धरना-प्रदर्शन वगैरह में ही नहीं, सदन से विपक्षी सांसदों के निलम्बन जैसी कार्रवाइयों में भी झलकती रही। स्वाभाविक ही इन सभी स्थितियों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष का अपना अलग अंदाज है...अपनी दलीलें हैं। वैसे, 18वीं लोकसभा की प्रारम्भिक स्थिति को देखा जाये, तो वह यही इशारा कर रही है कि इस बार भी पुराने तौर-तरीके ही हावी रहेंगे। पिछली लोकसभा में तो कई मामलों में सत्ता पक्ष के समक्ष विपक्ष की कमजोरी भी दर्ज होती रही। पिछले लगभग 10 वर्ष सदन में नेता प्रतिपक्ष का स्थान रिक्त रहा। 17वीं लोकसभा में तो कोई डेप्युटी स्पीकर भी नहीं बनाया गया और विपक्ष सरकार को इसके लिए विवश नहीं कर सका। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए कहा जा सकता है कि 18वीं लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की बढ़ी हुई संख्या उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में संजीवनी का काम करेगी। पहले दिन ही सदन के बाहर संविधान हाथ में लिये प्रदर्शन करते विपक्षी सांसदों ने यह संकेत दिया कि वे सरकार पर दबाव बनाने का कोई अवसर इस बार नहीं चूकना चाहते। वहीं, दूसरी तरफ, सत्ता पक्ष भी अपने गठबंधन की मजबूती को कम समझनेवालों को भ्रमित साबित करने को संकल्पित दिख रहा है। विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के जवाब में आपातकाल की याद दिलानेवाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वक्तव्य बताता है कि विपक्षी दलों की हर ईंट का जवाब पत्थर से देने की तैयारी सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है। वैसे, मुद्दों की कमी नहीं है। चाहे चुनावों से पहले के अग्निवीर और जाति जनगणना जैसे मुद्दे हों या महंगाई और बेरोजगारी जैसे शाश्वत माने जानेवाले सवाल हों या फिर पेपरलीक से जुड़े आरोप ; सदन में तो ये उठेंगे ही। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि बदले समीकरणों के बीच विपक्ष अपनी बढ़ी हुई शक्ति का कितना कुशल और रचनात्मक उपयोग कर रहा है। यही बात सत्ता पक्ष पर भी लागू होती है। सत्ता पक्ष अपनी घटी हुई शक्ति की समीक्षा करते हुए अपने आचरण में कितना सुधार करता है और किस हद तक देश के विकास को गति दे पाता है। दरअसल, चुनाव परिणाम ने दोनों ही पक्षों को यह संदेश दिया है कि अनावश्यक इतराने के बजाय अपनी-अपनी भूमिकाओं की समीक्षा करें। सत्ता पक्ष यह समीक्षा करे कि आखिर उसकी संख्या घटी क्यों, वहीं विपक्ष यह समीक्षा करे कि उसकी शक्ति भले बढ़ी, लेकिन बहुमत के आंकड़े को छूने से वह क्यों पीछे रह गया...! परिणाम के निहितार्थ को तो समझना ही होगा।

## ● किसने क्या कहा



कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर लगाया कलंक

जेपी नड्डा
भाजपा अध्यक्ष

गैसोलीन के साथ 12 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन करता है भारत

प्रह्लाद जोशी
नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री



# जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता ?

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

**हाथरस** में एक दलित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है। इन्हें समुदाय द्वारा जाति पंचायत नामक एक शासी निकाय या बोर्ड के माध्यम से खुले तौर पर लागू किया जाता है। उच्च जातियों ने अनुष्ठान, आध्यात्मिक और नस्लीय शुद्धता का दावा किया, जिसे उन्होंने प्रदूषण की धारणा के माध्यम से निचली जातियों को दूर रख कर बनाये रखा। प्रदूषण का अर्थ है कि निम्न जाति के व्यक्ति का स्पर्श उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित या अपवित्र कर देगा। भोजन और पेय पर प्रतिबंध आमतौर पर एक जाति प्रदूषित होने की धारणा के कारण सामाजिक स्तर पर खुद से नीचे की किसी अन्य जाति से पका हुआ भोजन स्वीकार नहीं करती है।

**सामाजिक** स्तरीकरण मुख्यतः जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दशार्ता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुंच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि-आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति-धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है, क्योंकि भारतीय समाज वैदिककाल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएं और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियां आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। 'जाति धर्म' के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती।

कई बार जाति और साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई। लोकतंत्र मानव समानता की अपेक्षा करता है, लेकिन जाति व्यवस्था असमानता में विश्वास करती थी और इसमें पदानुक्रमिक व्यवस्था थी। आज जाति राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए एक विषय के रूप में प्रकट हुई है, जैसे शैक्षणिक कॉलेजों, सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण। सती प्रथा, बाल विवाह आदि जाति व्यवस्था का परिणाम थे। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता था। यह पितृसत्तात्मक व्यवहार आज भी प्रचलित है। दलितों पर अत्याचार, निचली जाति की महिलाओं पर यौन उत्पीड़न आदि ऐसे भेदभाव और शोषण का परिणाम हैं जो बदले में भारतीय समाज में गहराई से जड़ जमाए हुए जाति और सांप्रदायिक पहचान का परिणाम हैं। हाथ से मैला ढोना अंततः एक जाति-आधारित व्यवसाय बन गया, जिसमें बाल्टी वाले शौचालयों या गड्ढे वाले शौचालयों से अनुपचारित मानव मल को हटाना शामिल है। इसे मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 द्वारा आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था।

# हस्तकला के क्षेत्र में सफलता की उम्मीद

गौरतलब | संजय गोस्वामी

**यह** क्षेत्र देश में उत्पादित कुल कपड़े का लगभग 19% योगदान देता है और भारत के निर्यात आय में भी काफी वृद्धि करता है। इस समय दुनिया के देशों में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 02 करोड़ है। हस्तकला ऐसे कलात्मक कार्य को कहते हैं, जो उपयोगी होने के साथ-साथ सजाने के काम आता है तथा जिसे मुख्यत हाथ से या सरल औजारों की सहायता से ही बनाया जाता है।

**अपनी** सांस्कृतिक विरासत और वृहद जनसंख्या के कारण भारत पूरे विश्व की हस्तनिर्मित उत्पादों की मांग को पूर्ण करने की क्षमता रखता है। बनारस और चंदेरी का बुनकर परंपरागत साड़ी को समसामयिक बनाने के साथ-साथ यदि निर्यात योग्य उत्पाद जैसे कि स्टोल, स्कार्फ, टाई, बेल्ट, बैग इत्यादि बनाता है, तो उसकी कमाई बढ़ सकती है। बुनकर यदि नवीन चलन के अनुरूप, साड़ियों के साथ अतिरिक्त सामान जैसे बेल्ट, स्टोल, पाउच आदि मैच करके लगा दें, तो यह उनकी आमदनी और निर्यात क्षमता दोनों में वृद्धि करेगा। प्रीमियम हथकरघा उत्पाद जैसे पाटन पटोला, बालूचरी, जामदानी, इक्कत और कानी जैसे उत्पादों को उत्कृष्ट उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किए जाने की जरूरत है।खैंडलूम वस्त्र हमारी सांस्कृतिक विरासत के अभिन्न अंग रहे हैं। ऋग्वेद, महाभारत और रामायण में भी कताई-बुनाई की कला के विवरण मिलते हैं। मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा में बुने हुए वस्त्र, हड्डी की सुई, तकली और धुरा आदि के अवशेष मिले हैं तो मिस्र के पिरामिड में गुजराती मूल के ब्लॉक प्रिंटेड कपड़े मिले हैं। आज हथकरघा क्षेत्र में 40 लाख से अधिक बुनकर और श्रमिक कार्यरत हैं। वर्ष 2010 की हथकरघा जनगणना रिपोर्ट से पता चलता है कि बुनकरों की संख्या प्रतिवर्ष 7 फीसद की दर से घट रही है। एक बुनकर की औसत आय केवल 34 सौ रुपए प्रतिमाह है जो भारत के अन्य कारीगरों की औसत आय 45 सौ रुपए प्रतिमाह से कहीं कम है। इसी वजह से नई पीढ़ी इस धंधे को अपनाना नहीं चाहती, जिसके चलते भारतीय हथकरघा उद्योग विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। हमारे भारतीय डायस्पोरा को तो मैं हमेशा भाषा, खान-पान, कला, हस्तशिल्प, यह खंड भारतीय मूल के लोगों को उनकी संस्कृति के साथ जोड़ने का प्रयास करता है। हथकरघा उद्योग 40 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है, मगर उन सभी को उच्च स्तरीय उत्पाद के लिए तुरंत प्रशिक्षित नहीं किया जा सकता। अधिकांश को अलग प्रकार की सरकारी सहायता की आवश्यकता होगी। उन्हें सब्सिडी वाले यार्न और क्रेडिट की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में 6 फीसद ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध है। अगर इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए, तो बुनकरों को बुनाई, रंगाई, प्रॉसेसिंग और फिनिशिंग हेतु आवश्यक पूंजी उपलब्ध कराई जा सकती है।

## आज का इतिहास

- चीन में पहला टूथ ब्रश 1498 में बनाया गया। पहली बार आधुनिक टूथब्रश के पहले मॉडल का चीन के एक राजा ने पेटेंट करवाया था।
- स्पेन और नीदरलैंड ने 1714 में व्यापार एवं शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- जर्मनी के कार्ल बेन्ज ने 1894 में गैस से चलने वाले ऑटो का अमेरिकी पेटेंट हासिल किया।
- पहली ग्रां प्री का आयोजन 1906 में हुआ था। यह प्रतिस्पर्द्धा 12 घंटे चली थी।
- लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय 1909 मे खोले गये।
- अमेरिका में न्यूयॉर्क डेली न्यूज का प्रकाशन 1919 में शुरू हुआ।
- संवाद सिनेमा ने 1927 को अपना जीवन आरम्भ किया। फिल्म निर्माण का काम आरम्भ होने से ही निरंतर इस बात का प्रयास किया गया कि ऐसी फिल्में बनायी जायें, जिसमें संवाद भी हो।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फिनलैंड ने 1941 में रूस के खिलाफ मोर्चा खोला।
- सेन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने 1945 में संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- बेल्जियम के संसदीय चुनाव में 1949 को पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।
- नेल्सन मंडेला और 51 अन्य लोगों ने 1952 में दक्षिण अफ्रीका में कर्फ्यू का उल्लंघन किया।
- फ्रांस के उपनिवेश मेडागास्कर को 1960 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई। हर वर्ष आज का दिन इस देश में राष्ट्रीय दिवस के रुप में मनाया जाता है।
- अमेरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने 1963 में पश्चिम जर्मनी के शहर बर्लिन एक बहुत बड़ी भीड़ को सम्बोधित किया था। उन्होंने बर्लिन को शीत युद्ध के दौरान
- विश्व में स्वतंत्रता का प्रतीक बताया था।
- भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 को देश में आपातकाल की घोषणा की।

## अंकजाल - 7590

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 19 | 24 | 33 | ■ | 8 | 22 | 20 | ■ |
| 23 | | 5 | | 8 | ■ | 5 | | 9 | 18 |
| 22 | 2 | | 5 | | ■ | | 4 | | 9 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | | 7 | 12 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 9 | | 33 |
| 32 | | 8 | | 6 | | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 7 | 2 | | ■ | | 4 | | 8 | | 30 |
| 19 | | 8 | | ■ | | 8 | | 3 | 24 |
| 18 | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 7 | | 14 |
| ■ | 15 | 27 | 13 | ■ | 34 | 28 | 22 | 13 | ■ |

*अंकजाल 7589 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 8 | 9 | 36 | 17 | 15 | ■ | 17 | 26 | ■ |
| 24 | 3 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 2 | 7 | 9 |
| 27 | 5 | 4 | 9 | 2 | 7 | ■ | 8 | 7 | 15 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 27 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | ■ | 3 | 7 | 2 | 5 | 17 |
| 21 | 7 | 2 | 5 | 7 | ■ | 9 | 2 | 3 | 14 |
| 35 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | ■ | ■ |
| 7 | 2 | 5 | ■ | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 30 |
| 13 | 5 | 8 | ■ | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 | 26 |
| ■ | 24 | 26 | ■ | 21 | 8 | 42 | 16 | 15 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## बदला हुआ आदमी

**स्कॉटलैंड** के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी। तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था। तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा।

## सुविचार

स्वयं कर्म, जब तक मुझे यह भरोसा होता है कि यह सही कर्म है, मुझे संतुष्टि देता है।

**जवाहर लाल नेहरू**

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं है।

**लोकमान्य तिलक**

## राशिफल

**मेष** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा।

**तुला** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**वृश्चिक** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी।

**कर्क** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**मकर** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

# एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**केन्द्र** सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केन्द्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केन्द्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है।

सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966-67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। एक अगस्त, 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकारों ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है।

# लोकसभा के सत्र ने नयी उम्मीदों को पंख लगाये

गौरतलब | ललित गर्ग

**अठारहवीं** लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि, यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करनेवाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है।

**अठारहवीं** लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है। संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रूबरू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जायें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बनवारी साहू महाविद्यालय में इग्नू में नामांकन शुरू

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय में इस वर्ष से इग्नू में नामांकन शुरू हो गया है। साथ ही वैसे लोगों के लिए जो सरकारी/अर्धसरकारी विभाग में कार्यरत है और अपना योग्यता बढ़ाना चाहते है उनके लिए भी यह सुनहरा अवसर है। अपने विभाग में कार्य करते हुए स्नातक/स्नातकोत्तर का डिग्री हासिल कर सकते है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन के अथक प्रयास के बाद यहाँ केन्द्र की स्थापना हो पाया है। जिसका श्रेय स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम एवं महाविद्यालय प्रबन्धन को जाता है। इग्नू केन्द्र खुल जाने से महाविद्यालय के शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी एवं लातेहार के जनता में हर्ष का माहौल है। इस केन्द्र का कोड 32054 है तथा केन्द्र के कॉ-ऑर्डिनेटर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शतुघ्न मेहता तथा डायरेक्टर प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी है।

### अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**लातेहार** : जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक जंगल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी पहिल गई। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है ज्ञात हो कि कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव जंगल में देखा। शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। उसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी धीरज कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में ले लिया। वहीं घटनास्थल से कुछ दैनिक उपयोग सामग्री भी बरामद हुई हैं। इधर इस संबंध में डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा कि यह हत्या का मामला है या फिर आत्महत्या का। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान प्रयास किया जा रहा था।

### सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन जरूरी

**गुमला** : सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत वर्ष 2024 के लिए पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 19 जून से 10 जुलाई 2024 तक सभी पंचायत कार्यालयों में किया जा रहा है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ,ललन कुमार रजक ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पेंशनर के लिए पेंशनर का जीवित प्रमाण बाबत वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना आवश्यक है ताकि पेंशन धारकों को बिना किसी समस्या के नियमित रूप से पेंशन योजना का लाभ मिल सके। पेंशनर अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए अपने नजदीकी पंचायत कार्यालय में अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे जिससे उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### छत से गिर कर मजदूर दुर्गा उरांव की मौत

**गुमला** : जिला के रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम गांव के मजदूर युवक की मौत। जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर दुर्गा उरांव उम्र लगभग 35, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में काम करने के दौरान अचानक छत से गिरने से तीन दिन पहले गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वहां मौजूद रिश्तेदारों ने उठा I.G.M.C.अस्पताल शिमला लाया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गया। परिवार वाले का आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मृत मजदूर दुर्गा उरांव का दाह संस्कार शिमला में ही कल 24/6/24/को कर दिया गया। जिसकी सुचना परिजनों ने मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को देते हुए जिला प्रशासन वा श्रम विभाग से सहयोग दिलाने की गुहार लगायी है।

### एक दिवसीय टीएलएम मेले का हुआ आयोजन

# शिक्षा से बदली जा सकती सोच : रामा रविदास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित ट्रेनिंग स्कूल के मैदान में मंगलवार को एक दिवसीय टीएलएम मेले में एक से बढ़कर एक टीचिंग लर्निंग मटेरियल (शिक्षण अधिगम सामग्री) की प्रदर्शनी विभिन्न प्रखंडों से आए शिक्षकों के द्वारा लगाया गया। मेले का उदघाटन अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता रामा रविदास ने संबोधित करते हुए जिले के शिक्षकों की सराहना की तो साथ ही लापरवाह शिक्षकों को भी नसीहत दी। उन्होंने कहा की शिक्षक की संपत्ति विद्यार्थी हैं। उन्हें निखारने का बहुमूल्य कार्य शिक्षकों पर होता है। शिक्षा वह श्रेणी है, जिससे हमें अपनी सोंच में बदलाव ला सकते हैं। इसके लिए हमें बच्चों को सरल और सामान्य तरीके से शिक्षा देने की जरूरत है। नन्हें मुन्हे बच्चों को पढ़ाना काफी कठिन होगा है। उन्हें सरलता से पढ़ाने के लिए पहले शिक्षकों को मेहनत



करनी होगी, तभी शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकतें हैं। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा समावेशी होनी चाहिए। सरल भाषा में और सामान्य तरीके से हम अपनी बात को बच्चों कैसे समझाया यह बहुत बड़ी बात है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम ने कहा कि स्कूलों में टीएलएम को बढ़ावा देना बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए शिक्षकों को अपने स्कूलों में बच्चों को टीएलएम आधारित शिक्षा देनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीएलएम का अर्थ है बच्चे सृजन करके सीखेंगे। यानी किसी भी विषय की जानकारी को बच्चों को व्यवहारिक बनाना होगा। अब समय आ गया है कि थ्योरी से ज्यादा खेल खेल में बच्चों को शिक्षा दिया जाए। इससे बच्चे आसानी और सरलता से हमारी बातों को समझ सकते हैं और प्रारंभिक शिक्षा हमारे जीवन की रीढ़ होती है।जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि शिक्षकों को स्कूल में पढ़ने वाले कमजोर बच्चों को भी आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार ने इस अवसर पर कहा कि छोटे बच्चों के मन से किताबी पढ़ाई का बोझ और डर कम करना आज की एक बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को शिक्षक सकारात्मक सोच तथा उच्च दक्षता से समाप्त कर सकते हैं। इसी लिए राज्य सरकार के द्वारा टीचिंग लर्निंग मटेरियल के माध्यम से बच्चों की पढाई कराने के लिए यह कार्य किया जा रहा है, ताकि बच्चे आसानी और सरल तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकें। साथ ही उनके मन से किताब का बोझ और पढ़ाई की डर से निजात मिल सके और वह रूचि के साथ शिक्षा ग्रहण सकें। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको सहित आदि ने भी अपने विचार रखे। एक दिवसीय टीएलएम मेले में स्कूली बच्चों के साथ जिले के कई स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया और अपने अपने अपने तरीके से प्रदर्शनी लगाई, जिसमें मुख्य रूप से त्रिभूज का प्रकार, जोड़ का मशीन, अमूर्त और मूर्त अंक का परिचय आदि का प्रदर्शनी दिखायी गयी।

## प्रखंडों में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया चावल दिवस का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू के निदेशानुसार दिनांक 25.06.2024 को सभी प्रखंडो में चावल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा निर्धारित मात्रा एवं ससमय लाभुकों को राशन वितरण करने का निदेश दिया गया। बताते चलें कि वर्तमान में माह जून 2024 का NFSA के तहत खाद्यान्न वितरण, माह अगस्त 2023 और सितम्बर 2023 का ग्रीन कार्डधारियों को चावल वितरण, माह अप्रैल 2024 का चना दाल तथा माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक के अवधि का चीनी तथा नमक का वितरण किया जा रहा है, साथ ही शेष बचे लाभुकों को सोना-सोबरन, धोती-साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को समय पर दुकान खोलने, लाभुकों का अद्यतन सूची का प्रदर्शन करने, सुचना पट्ट लगाने सहित विभिन्न दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत KYC कराने के लिए सभी लाभुकों को प्रेरित करने तथा इसमें स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य को सहयोग प्राप्त करने का भी निदेश दिया गया।

### जन शिकायत दिवस में आम नागरिकों को मिल रही है सहायता

## त्वरित कार्रवाई व निष्पादन को लेकर कार्रवाई जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ जन शिकायत निवारण दिवस में सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जन शिकायत निवारण दिवस में सिसई की रहने वाली संगीता कुमारी ने बताया कि वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना की लाभुक है परंतु उक्त योजना के तहत गलत बैंक खाते का का नाम एवं नंबर अपडेट किया गया है जिस कारण वह योजना का लाभ नहीं ले पा रहीं हैं एवं उन्होंने उपायुक्त से बैंक खाता से संबंधित जानकारी को अपडेट करने हेतु आग्रह किया, उपायुक्त ने सिसई सी.ओ. को अविलंब कारवाई करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया। रायडीह प्रखंड के नवाडीह ग्राम निवासी रूपा देवी ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं खरीद की गई भूमि में वे अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण करवाना चाहती हैं परंतु कार्य प्रारंभ करने पर सुरसांग निवासी लक्ष्मण सिंह के द्वारा उनके जमीन पर कब्जा करते हुए उनके आवास निर्माण करने के कार्य में बाधा डालने जा कार्य किया जा रहा है, जिसपर रूपा देवी के द्वारा उपायुक्त से सहायता की मांग की गई, जिसपर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रायडीह को इससे संबंधित जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

## उप विकास आयुक्त ने की जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी ली साथ ही ग्राम स्तर पर स्वछता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने से संबंधित समीक्षा की। बैठक में फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने को लेकर माहवार लक्ष्य का निर्धारण व प्रगति पर भी चर्चा किया गया। इस दौरान ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर विभिन्न निर्णय लिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से सभी पीएचसी स्तर पर एक-एक समुदायिक शौचालय निर्माण को आवश्यक बताया गया।मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहे।

## अवैध बालू भंडार को लेकर डीएमओ आनन्द कुमार की कार्रवाई

- उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्तियों पर दर्ज करायी प्राथमिकी
- 20 जून को छापेमारी के दौरान 01 लाख 50 हजार घनफूट अवैध बालू किया गया था जब्त
- बालू भंडारण का कम्पनी के पास नहीं था लाइसेंस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्त्यिों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की करवाई गई। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया इस सम्बन्ध में डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया जिसे जप्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे



निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्ता उजागर हुई, जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाईसेंस नहीं लिया गया और नहीं आवेदन ही दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा 1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराए गए एवं बालू भंडारण में भिन्नता पाई गयी वही बालू भंडारण लाईसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। वहीं जिला खनन पदाधिकारी आनद कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जायेगा।

## पौधा लगा कर बच्चों की तरह बचाना होगा, क्योंकि जिन्दा रहना है, तो पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा : कौशल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : रांची यूनिवर्सिटी के श्यामा प्रसाद मुखर्जी आडिटोरियम में रविवार की शाम हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान टी मैन ऑफ झारखंड के नाम विश्व भर में ख्यातिप्राप्त व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कई राज्यों से आये कवियों में कविता तिवारी , शंभू शिखर, अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक, एवं अकबर ताज को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का फला हुआ पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के



दौरान पटना के उद्घोषक मनोज तिवारी ने कौशल किशोर जायसवाल के जीवनी से जुड़ी बातों का उल्लेख कर वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि कवि, कला संस्कृति , पेड़, पौधा, वन लोगों को जिंदा रहने का आधार है । इसे जिंदा रखने के लिए लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। तभी जल संकट व जलवायु परिवर्तन से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण की आग पानी से नहीं शुद्ध हवा से ही बुझेगी। इसके लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चों की तरह बचाना होगा। श्री कौशल ने कहा कि हमारी संस्कृति में पौधा को देव तुल्य माना जाता है। कवयित्री कविता तिवारी ने मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जबकि संचालन कवि शंभू शिखर ने की।

## ग्रीन व आधार कार्ड सीडिंग के लिए 10 जुलाई तक विशेष शिविर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के सभी पंचायतों में ग्रीन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जून से शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत बुधवार 26 जून को लातेहार प्रखंड के धनकारा व शीशी, चंदवा के कामता व सेरक, हेरहंज के चीरू व तासू, मनिका के नामूदाग, बरवाडीह के खूरा व बरवाडीह, बालुमाथ के मासियातू व रजवार और महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत में शिविर लगेगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने सभी से इस शिविर में भाग लेने की अपील की है। रश्मि लकड़ा ने बताया कि उपायुक्त



गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी थी। इस बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छूटे हुए सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने का निर्णय लिया गया था। ताकि विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप ग्रीन कार्ड इश्यू किया जा सके। उन्होंने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्डधारियों का ई-केवाईसी भी किया जायेगा।

### नगर भवन गुमला में निपुण समागम 2024 का हुआ आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रहे मौजूद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा निपुण समागम 2024 का आयोजन करते हुए नगर भवन गुमला में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी गई। जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवम गणित के साथ खेल खेल में पढ़ाई के लिए पिछले चार दिन तक कार्यशाला कर मॉडल बनाए गए थे जिसके प्रदर्शन के लिए प्रखंडवार स्टाल लगाया गया था। उपायुक्त तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रखंडवार स्टॉल का भ्रमण किया गया । इस मौके पर उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए।

## अदरा के महीने में पानी की एक बूंद के लिए तरस रहे पलामू वासी : रुचिर तिवारी

- पूर्व के रहे मंत्री विधायक सांसद ने किसानों के खेत में पानी पहुंचाने के लिए नहीं उठाया कोई कारगर कदम : भाकपा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का महीना वह भी अदरा का महीना आकाश की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं पलामू के किसान लेकिन बारिश की एक बूंद पलामू को नसीब नहीं। पलामू जिला में बहुत सारे प्रतिष्ठित नेता मंत्री और स्पीकर भी रहे जैसे इंदर सिंह नामधारी, केएन त्रिपाठी त्रिपाठी, भाजपा के दो बार के बिधायक, एवं तीन बार के सांसद रहने के बावजूद वैकल्पिक कृषि हेतु नदी- नालों को बांधकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की कोशिश कभी नहीं किया। केवल नाम बड़े और दर्शन छोटे का कहावत चरितार्थ होता है।

# भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर पैदल विरोध मार्च किया गया।तत्पश्चात आपातकाल के समय में बंदी बनाए गए मनबहाल सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों का मौलिक अधिकार को छीना गया, प्रेस मीडिया की स्वतंत्रता छीनी गई, कांग्रेस के द्वारा देश में चुनी गई सरकार




को 90 बार हटाया गया, आपातकाल के समय 140000 लोगों को जेल में डाला गया,जिनमें लगभग 22 लोगों की मृत्यु हो गई,आपातकाल के दौरान 42 वां संविधान संशोधन संसद को संविधान के नष्ट करने, जोड़ने बदलने या निरस्त की निरंकुश शक्ति प्रदान की गई, न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती न्यायपालिका किसी भी आधार पर संविधान में संशोधन पर सवाल नहीं उठा सकती मौलिक अधिकारों में संशोधन को न्यायिक समीक्षा से परे रखा गया, इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आधी रात में मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया, आपातकाल के दौरान प्रमुख नेताओं जैसे अटल बिहारी वाजपेई राजनाथ सिंह जेपी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को तुरंत जेल में डाल दिया गया ।जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 23 जून श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को जो बलिदान दिवस के रूप में हम लोग मानते हैं उसे पखवाड़ा के रूप में 23 जून से 6 जुलाई तक अनवरत चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम जिला से लेकर भूत स्तर पर चलाया जाएगा, 5 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के तहत पार्टी के सभी नेताओं को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाना है, एवं सरल एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करना है, तथा 30 जून को माननीय प्रधानमंत्री जी का मन की बात भूत स्तर पर सुनने और सुनने का कार्य करना है एवं सरल पर अपलोड करना है। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला के महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष उषा देवी ने किया।मौके पर प्रदेश कर समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे,जिला परिषद अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक पूनम देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जिला कर समिति सदस्य रामदेव सिंह, आपातकाल के समय में मिस्सा एक्ट के तहत बंदी मनबहाल सिंह, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका देवी, बलवंत सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश का समिति, सदस्य मुकेश पांडेय, लातेहार प्रमुख परशुराम लोहारा,मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला मंत्री रेनू देवी, कुलामान साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा भगत, जिला कार्य समिति सदस्य अमलेश सिंह, अनिल सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पलामू भाजपा नेताओं ने शनिवार को काला दिवस के रूप में मनाया



**मेदिनीनगर** : 25 जून 1975 में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री रहीं स्व.इंदिरा गांधी की ओर से लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में शनिवार को भाजपा पलामू नेताओं ने काला दिवस के रूप में मनाया तथा इस पर भाजपा जिला कार्यालय पलामू में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई संचालन जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। इमरजेंसी के दौरान मेदिनीनगर के एक मीसा बंदि प्रोफेसर के के मिश्रा को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था।

## एक झलक

### लोहरदगा में हाथियों ने कई घरों में मचाया उत्पात

**लोहरदगा :** कैरो प्रखंड क्षेत्र के सढाबे पंचायत अंतर्गत टाटी गांव में सोमवार रात हाथियों के झुंड ने कई लोगों के घरों को धवस्त कर दिया। बताया गया है कि गितिलगढ़ पहाड़ के ओर से हाथियों का झुंड कोयल नदी होते रात में टाटी गांव पहुंचा। गांव घुसते ही राम मुंडा, मुकेश साहू, नितेश मुंडा एवं सुगयन देवी का मकान को ध्वस्त कर दिया। साथ ही क्षेत्र के कई किसानों के फसलों को भी रौंद दिया। मुकेश साहू, नितेश मुंडा, राम मुंडा का कहना है हाथियों ने घर को ध्वस्त करने से घर में रखे भोजन सामग्री और बर्तन आदि सभी सामान को बर्बाद कर दिया। हाथियों का झुंड गांव में तांडव करने के बाद पुन: कोयल नदी होते गितिलगढ़ पहाड़ लौट गया।

### हाथियों के झुंड ने पीडीएस डीलर को कुचल कर मार डाला

**पलामू :** पलामू से सटे गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के पर्रो गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने एक जनवितरण प्रणाली के डीलर पर हमला बोला एवं कुचल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना उस वक्त हुई जब पीडीएस डीलर अपने घर में सो रहे थे। इस घटना में उनकी पत्नी बाल बाल बच गई। डीलर के साथ उसकी पत्नी भी साथ में थी। मृतक की पहचान पर्रो गांव के पीताम्बर सिंह के 46 वर्षीय पुत्र राशन डीलर सह ब्यास महरु सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार रात 11.30 बजे महरु सिंह गांव के पुरबारा टोला स्थित अपने पुराने घर पर सोए हुए थे। उस समय उनकी पत्नी भी मौजूद थी। इसी बीच अचानक हाथियों का झुंड पहुंचा एवं हमला करते हुए महरु सिंह को पटककर कुचल दिया। परिजनों ने आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए भंडरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज के एमआरएमसीएच में रेफर कर दिया गया, लेकिन इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद मंगलवार को वनपाल ललन कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक के परिजनों को मुआवजा मिलेगा।

### डबल मर्डर केस के पीड़ित परिवार से मिले बगोदर विधायक

**कोडरमा :** बीते दिनों बाघिटांड़ में हुई गोलीबारी मामले में दो लोगों की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद कुमार सिंह ने मुलाकात की। बतादें की शनिवार की रात अपराधियो ने जलवाबाद में रहने वाले और बाघिटांड़ में होटल व्यवसाय से जुड़े नसीम एराकी और अंजार आलम की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। हालांकि मामले में 6 आरोपी को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। इधर बगोदर विधायक विनोद सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने को लेकर मुलाकात की। वहीं उन्होंने रांची से लौटने के दौरान देर शाम जलवाबाद पहुंचे। उन्होंने मृतक नसीम एराकी और अंजार आलम के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# जामताड़ा में 05 साइबर ठग गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जामताड़ा :** साइबर थाना पुलिस ने पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 16 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक पासबुक, एक चेकबुक, दो आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किया गया है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान के नेतृत्व में टीम ने जामताड़ा थाना क्षेत्र के सहाना, करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ तथा नारायणपुर थाना क्षेत्र के तेतुलटांड़ में छापेमारी की और पांच साइबर ठगों को वारदात को अंजाम देते हुए गिरफ्तार किया। साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने मंगलवार को साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मिहिजाम निवासी विकास मंडल को साहना से, नरेश मंडल तथा सुनील मंडल को करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ गांव से, राजीव नाग और मनोज डे को जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव से गिरफ्तार किया गया है।

## जिला स्तरीय 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के निदेश पर झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वावधान में 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन मंगलवार को संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय में की गई। यह आयोजन दिनांक 25 से 27 जून 2024 तक अंडर-17 (बालक और बालिका) वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त, लोहरदगा, नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा सह डीपीओ, जेईपी, लोहरदगा, अशोक पांडेय, एपीओ, विश्वास दीपक झा, एपीएम सह प्रभाग प्रभारी, आकाश कुमार,फील्ड मैनेजर एंव जीतेन्द्र मित्तल, सीआरपी, लोहरदगा आदि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उपविकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखारने का कार्य करती है। लगातार अभ्यास करने से इसमें निखार आता है। राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामना दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले का प्रदर्शन अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि चयनित टीम लगातार अभ्यास करें एवं खेल की बारीकियां को समझे तथा खेल को खेल की भावनाओं से खेलें।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

## शहीद संतोष पासवान को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शाहिद संतोष कुमार पासवान को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, जयप्रकाश सिंह, राकेश पांडेय, सतीश कुमार, शंकर कुमार और पायल सिंह आदि शिक्षकों ने संतोष कुमार पासवान की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि देश सेवा के क्षेत्र में संतोष कुमार पासवान के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके कार्य हमेशा बच्चों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। ज्ञात हो की संतोष कुमार पासवान सतगावा प्रखंड के भखरा गांव के रहने वाले थे। 2007 में उन्होंने आर्मी जॉइन किया था। 2013 में उत्तराखंड में आई बाढ़ की विभीषिका में फंसे लोगों को बचाने के क्रम में आईटीबीटी के 18 जवान हेलीकॉप्टर पर सवार होकर मुआयना कर रहे थे। तभी मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया और सभी शहीद हो गए थे। बाद में उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ उनके गांव पहुंचा था, जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पाड़ा था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिक्षकों में आशुतोष कुमार गौतम, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार पांडेय समेत अन्य शिक्षक, बच्चे और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दुमका :** संथाल परगना महाविद्यालय दुमका में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में नशा मुक्ति के संदर्भ में विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हमारा समाज नशे की लत में कैसे डूबता जा रहा है और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव आज की युवा वर्ग पर पड़ता है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों ने नशा मुक्ति के संदर्भ में शपथ भी लिया जिसमें स्वयं नशा न करने एवं अपने आसपास इसके संदर्भ में जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

## मनरेगा में कूप योजना में मजदूरी भुगतान को लेकर भारी गड़बड़ी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** जिले के पाटन प्रखंड की नावाखास पंचायत में बिना मजदूरी किए ही रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा योजना में पैसे का भुगतान कर दिया जा रहा है। इस पंचायत में मनरेगा के तहत कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही हैं, जिसमें सिंचाई कूप का भी निर्माण हो रहा है। इस योजना में भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। रोजगार सेवक द्वारा मजदूरों से काम कराए बिना भुगतान दिखा दिया गया है। इसके लिए स्थल पर जाकर सच्चाई जानने की कोशिश की गयी। इसके बाद ही भुगतान एवं मजदूरी कराने जाने का पता चला। 22 जून को मनरेगा योजना में सिस्टम के अनुसार ऑनलाइन के माध्यम से 46 मजदूर कार्य कर रहे थे, जिसमें 24 महिलाएं एवं 22 पुरुष थे। जब योजना के धरातल पर पहुंच कर मजदूरों की जानकारी ली गयी।


## कार्यालय नगर परिषद रामगढ़

### इच्छा की अभियुक्ति

एतत् द्वारा नगर परिषद रामगढ़ को E-Waste से मुक्त करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत E-Waste Collection कार्य से संबंधित एजेंसी इत्यादि को E-Waste निष्पादन कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है। जिन एजेंसियों के द्वारा किसी भी नगर निकाय में उक्त के संबंध में कार्य किया जा रहा होगा उन्हें नगर परिषद कार्यालय द्वारा E-Waste Collection के निष्पादन हेतु से संबंधित कार्य हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक एजेंसी दिनांक– 01.07.2024 तक आवेदन कार्य अवधि में नगर परिषद रामगढ़ में जमा कर सकते है।

**नोटः**– आवश्यक जानकारी के लिए नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के दूरभाष संख्या– 6553–295014 पर सम्पर्क कर सकते है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 327633 District(24-25)#D


## चंदवारा थाना के निकट थाना प्रभारी ने चलायी दो पहिया वाहन चेकिंग





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चंदवारा :** चंदवारा थाना के निकट मंगलवार को थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया जांच के क्रम में आने जाने वाले सभी दोपहिया वाहनों को रुकवा कर हेलमेट ट्रिपल लोड एवं गाड़ी से संबंधित कागजात की जांच की गई इस दौरान वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले का उपयुक्त के निदेर्शानुसार नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाना है उन्होंने बताया कि जब्त वाहनों के अग्रेतर कार्यवाही के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में सूचना दे दिया गया तत्पश्चात जांच करते हुवे कई मोटरसाइकिल का फाइन काट कर छोड़ दिया गया। मौके पर पुलिस जवान रितेश कुमार आरएस पांडेय नवीन कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

## लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी मामले का उद्भेदन, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि जिले के सतगांवा थानान्तर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा लोगो को लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी किया जा रहा है। उन्होंने सूचना पर सतगांवा के थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए दो साइबर अपराधी क्रमश टुन्नी कुमार (20 ) तथा मनीष कुमार (30 ) को पकड़ा गया। एसपी मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने बताया कि छापामारी के क्रम में इन दोनों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सीम कार्ड, एटीएम, कार्ड, बैंक पासबुक, लाईन वाला पेज, हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुआ। इनलोगो के द्वारा स्वीकार किया गया कि ये लोग आम लोगो को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़
## सूचना

### विशेष मध्यस्थ्यता अभियान

दिनांक : 24.06.2024 से 28.06.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक : 24.06.2024 से 28.06.2024 तक विशेश मध्यस्थ्यता अभियान का आयोजन व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के मध्यस्थ्यता केन्द्र में किया जाएगा। जिसमें कुटुम्ब न्यायालय के मामले जो व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में लम्बित हैं उनका निस्तारण आपसी सुलह समझौता तथा मध्यस्थ्यता के आधार पर किया जाएगा।

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेश मध्यस्थ्यता अभियान के तहत कुटुम्ब न्यायालय में लम्बित मामलों को मध्यस्थ्यता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण करवा सकते हैं।

अधो0/–
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़।

PR 327617 District(24-25)D


## होल्डिंग टैक्स में छूट का लाभ लेने के लिए बचे हैं अब मात्र पांच दिन : हर्षवर्धन

■ रविवार को भी खुला रहेगा केदार सदन जन सुविधा केन्द्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** नगर परिषद क्षेत्र के होल्डिंग धारियों को 30 जून तक बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने पर सरकार ने पांच से दस प्रतिशत की छूट दी है। यह छूट वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने वाले सीनियर सिटीजन, महिला, दिव्यांग और सैनिक को दी है। छूट की अवधि तक बकाया टैक्स जमा करनेवाले 4890 होल्डिंग धारियों ने इस छूट का लाभ उठाया है। इन होल्डिंग धारियों ने करीब 10.88 लाख रुपये का होल्डिंग टैक्स बचत की है। नगर परिषद के 28 वार्डों में 24 हजार 200 सौ होल्डिंगधारी हैं। इन होल्डिंग धारियों से चालू वित्तीय वर्ष में करीब 6.03 करोड़ रुपये का लक्ष्य है। इसमें अब तक करीब 1.75 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

**पांच दिन बचे हैं छूट की अवधि के**

**होल्डिंग** धारियों के लिए वित्तीय वर्ष का बकाया टैक्ट जमा करने पर छूट का लाभ मिलेगा. यह लाभ 30 जून तक ही दी जायेगी। होल्डिंग धारियों के पास छूट का लाभ उठाने के लिए महज पांच दिन ही बचे हैं। होल्डिंग टैक्स वसूली ऐजेंसी जन सुविधा केंद्र का शाखा प्रबंधक सुदर्शन श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्ण आवासीय भवन पर दस प्रतिशत और व्यवसायिक भवन में पांच प्रतिशत की छूट होल्डिंग टैक्स जमा करने पर दी जायेगी। जून के बाद एक प्रतिशत देना होगा जुर्माना। छूट अवधि 30 जून समाप्त होते ही एक जुलाई से होल्डिंग धारियों को बकाया होल्डिंग टैक्स पर एक प्रतिशत जुमार्ना राशि के रूप में लिया जायेगा। यह विलंब शुल्क प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह राशि पूरी बकाया अवधि से ली जायेगी। होल्डिंग टैक्स जमा करने पर सरकार की ओर से दिये जानेवाले छूट का लाभ सभी होल्डिंग धारियों को उठाना चाहिए। सभी होल्डिंग धारियों को निर्धारित समय पर होल्डिंग टैक्स जमा करना चाहिए।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी
## विषेश लोक अदालत

दिनांक–29.06.2024

**स्थान–: व्यवहार न्यायालय, खूँटी**

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रॉची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्रधिकार रॉची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्रधिकार खूँटी द्वारा दिनांक–29.06.2024 को भूमि राजस्व एवं अन्य वादों के निस्तारण हेतु समय 07:00 बजे सुबह से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भूमि राजस्व से संबंधित मामलों का निष्तारन आपसी सुलह समझौतों के आधार पर किया जाएगा।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राजस्व कार्यालय खूँटी एवं खूँटी जिले के सभी अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन 24.06.2024 से 28.06.2024 तक मध्यस्थता के लिए उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन कराएँ और अपना बहुमूल्य समय एवं पैसे की बचत करें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय, खूँटी अथवा उनके दूरभाष सं0–8789697778 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकार, खूँटी।

उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकार, खूँटी।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य जिला विधिक सेवा प्रधिकार, खूँटी।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्रधिकार, खूँटी।

PR 327667 Law(24-25)#D


### प्रेरणा शाखा की बैठक में 28 को विश्व संगीत पखवाड़ा को लेकर भजन संध्या आयोजित करने का निर्णय

# जन सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य : सारिका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक में जून माह के अंतिम सप्ताह और जुलाई माह के आयोजित कार्यक्रमों के रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि जन सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य है और इसी कड़ी में समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को सामाजिक ताना-बाना से जोड़ना मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान, गौ सेवा जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में प्रेरणा शाखा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधे लगाने और वितरण किया जाएगा। पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। जीवन के लिए पेड़ पौधा उतना ही जरूरी है जितना की हवा और पानी। सचिव शीतल पोद्दार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच की इकाई महिला सशक्तिकरण के रूप में बेहतर कार्य कर रही है। जुलाई माह में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मायुमं विश्व संगीत दिवस पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर 28 जून को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर (चौधरी ब्रदर्स) एड्डी बंगाल में संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा उसमें नवीन सनातन सकीर्तन मंडल के नवीन पांडया, आराध्या सिंहा के अलावा गिरधारी सोमानी, तन्मय लड्ढा, साक्षी भदानी सहित अन्य कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे। बैठक में जुलाई माह में नए सदस्यों को जोड़ने के अलावा जून माह में आयोजित योग कार्यक्रम, अमृतधारा, पौधारोपण का कार्यक्रम, रक्तदान, गौहार की सफलता के लिए कार्यक्रमों की परियोजना निर्देशकों को धन्यवाद दिया गया। कोषाध्यक्ष नेहा बजाज ने मई माह के आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया।


e-Procurement Cell

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION GUMLA

Notice Inviting Tender,(Short Notice)

**Tender Reference No.-01BCD/GUMLA/2024-25 Date:-25-06-2024**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Multipurpose Centre at Village Lupungpat in Chainpur Block Under Gumla District | 59,99,500.00 | 8 महिने |
| 2 | Construction of Multipurpose Centre at Village Amtipani in Bishunpur Block Under Gumla District | 59,99,500.00 | 8 महिने |
| 3 | Construction of Multipurpose Centre at Village Bhelwadih in Ghaghra Block Under Gumla District | 59,99,500.00 | 8 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.07.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 15.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.inij किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Gumla

PR 327649 Building(24-25)D

## एक झलक

### युवती ने की आत्महत्या

**तोपचांची (धनबाद):** थाना क्षेत्र के ढांगी केवट टोला में सोमवार की रात एक युवती अपने घर के कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने मौके पर पहुंच कर शव के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। तोपचांची पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी गई और लोगों ने कांको जोरिया में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है, अगर ऐसी कोई घटना घटी है, तो जानकारी ली जायेगी। सूत्रों के अनुसार, युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है।

### भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा सामाजिक अंकेक्षण शुरू

**सिन्दरी (धनबाद):** भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने सिंदरी में सामाजिक अंकेक्षण शुरू किया है। अंकेक्षण में नगर निगम क्षेत्र में स्लम क्षेत्र के रहने वाले लोगों का आवास, पेयजल की स्थिति, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि समस्याओ को लेकर सर्वे किया जायेगा तथा केन्द्र और राज्य सरकार को सर्वे रिपोर्ट सौंपी जायेगी। मंगलवार को प्रियदर्शिनी पार्क स्थित झोपडपट्टी में अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण दल के सदस्य विकास कुमार ठाकुर ने बताया कि पूरे धनबाद नगर निगम क्षेत्र में स्लम बस्तियों की समस्याओ को चिह्नित किया जा रहा है, धनबाद नगर निगम क्षेत्र गंदगी और कूडों से भरा पडा है। प्रियदर्शिनी पार्क स्थित सात तालाब सुख गये हैं। बताया कि सिन्दरी में 100 लोगों का सामाजिक अंकेक्षण किया जायेगा। सामाजिक अंकेक्षण कार्य में हेमंत जायसवाल, विकास कुमार कुमार ठाकुर, रानी मिश्रा, राज नारायण तिवारी, अनुप्रिया कुमारी योगदान दे रहे हैं।

### बच्चियों के बीच बांटी जायेंगी नि:शुल्क साइकिलें

**धनबाद :** पाठशाला जो विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही, बच्चियों के स्वावलंबन और उन्हें पढ़ाई में बाधा ना हो इसके लिए मिशन बेटियों की उड़ान प्रारंभ किया है। इस मिशन के अंतर्गत कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक की बच्चियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण करने की योजना है। इस मिशन का प्रारंभ पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक देव कुमार वर्मा की माताजी मधु देवी द्वारा आज भागाबस्ती शाखा में कक्षा 5 की नित्या और नैना को साइकिल और नये कपड़े देकर प्रारंभ किया गया।

### ठेका मजदूरों ने शुरू किया जमसं के बैनर तले आन्दोलन

**जोड़ापोखर (धनबाद):** सेल कंपनी के बंद जीतपुर कोलियरी में उत्पादन कार्य चालु करने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जनता मजदूर संघ के बैनर तले ठेका मजदूरों ने कोलियरी के मुख्य गेट पर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों का नेतृत्व संघ के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी एवं अध्यक्ष रवींद्र गोप ने किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए कोलियरी कि बंदी के लिए अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि खदान में चाल से पानी का रिसाव हो रहा है। प्रबंधन और डीजीएमएस के अधिकारी साजिश रचकर खदान को हमेशा के लिए बंद करना चाह रही है। प्रबंधन कि गलत मंशा साफ दिख रही है तभी तो मजदूरों का पीएफ कि कटौती को बंद किया गया है ठेका मजदूरों को आवास खाली करने को लेकर नोटिश दिया जा रहा है।
100 वर्ष पुरानी सेल के एकमात्र जीतपुर कोलियरी को अधिकारियों के साजिश कि वजह से डीजीएमएस और सिंफर द्वारा पानी रिसाव कि जांच के आड़ में जानबूझकर खदान को चालू कराने कि दिशा में टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि खदान में कोयला उत्पादन बंद होने से सैकड़ों ठेका मजदूरों के परिवार के समक्ष भुखमरी कि समस्या आ खड़ी हो गई है। कई ठेका मजदूर के बच्चे आर्थिक अभाव में स्कूल में पठन पाठन बंद हो गया है। स्थानीय दुकानदारो कि व्यवसाई भी चरमरा गयी है। प्रबंधन को सैकड़ों परिवार के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने कि छूट किसी कीमत पर नहीं दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त एवं एसएसपी ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस समेत अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों को किया ब्रीफ

# सारे प्रोटोकॉल के मानकों का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें : उपायुक्त

निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, श्री चम्पाई सोरेन बुधवार 26 जून को धनबाद जिला के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन सह परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- शहर की ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश






धनबाद आगमन हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन के संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन, धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता, भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में ब्रीफिंग किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी लोग अपने काम में अलर्ट, सिंसियर एवं फोकस रहे। माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैलीपैड पर भी सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। सभी स्थानों पर सुरक्षा बल की तैनाती, प्रवेश द्वार पर विशेष सुरक्षा, वीआईपी, लाभुक समेत आम नागरिकों के बैठने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही साथ सिविल सर्जन एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है और अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। तय रूट मैप के अनुसार वाहनों की पार्किंग तथा कुछ स्थलों पर वाहनों की नोइंट्री रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा अग्निशमन विभाग की गाड़ियां चिन्हित स्थानों पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।
मौके पर सीटी एसपी, रूरल एसपी, निदेशक डीआरडीए, डीएसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन, धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता, भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहें।

## अमरेश सिंह ने जर्जर सड़क को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** मंगलवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद नगर निगम आयुक्त रवि राज शर्मा के कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खरिकाबाद प्रामाणिक बस्ती के निवासियों ने क्षेत्र में मुख्य सड़क का निर्माण और पानी उपलब्धता के लिए मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर आयुक्त ने प्राथमिकता से जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया में भेजने का आश्वासन दिया।
मौके पर अमरेश सिंह ने बताया की खारिकाबाद प्रमाणिक बस्ती के लोगों ने पिछले लोकसभा के चुनाव में धनबाद में आयोजित जनसभाओं एवं



क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके आग्रह एवं खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती की जर्जर सड़क, पानी एवं अन्य समस्याओं को शीघ्र संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान करने का वादा किया था जिससे प्रभावित होकर वहां के निवासियों ने भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। अब किए गए सारे वादाओं को पूरा करने के मद्देनजर आज नगर आयुक्त से फरीदाबाद प्रमाणिक बस्ती क्षेत्र की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क का निर्माण हेतु ज्ञापन सोपा गया है। खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती से भूली जाने वाली इस रोड में आउटसोर्सिंग की भारी भरकम गाड़ियां चलती है जिससे रोड काफी जर्जर और खतरनाक हो चुका है। इस सड़क में छोटी वाहनों के साथ-साथ बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्गों का चलना मुश्किल हो गया है जो काफी गंभीर मुद्दा है। वार्ता के पश्चात नगर निगम आयुक्त का आश्वासन मिला है कि जल्द ही इस दिशा में कारगर कदम उठाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खारिकाबाद बस्ती के प्रतिनिधि मंडल में कमल किशोर, मनोज प्रामाणिक अश्विनी प्रामाणिक, बिभाष प्रामाणिक, कृष्णा यादव, लखन भुईयां, बजरंगी कुमार उपस्थित थे।

## सुदामडीह कोलवाशरी पीओ कार्यालय में बीसीकेयू प्रतिनिधि के साथ वार्ता

**पाथरडीह (धनबाद) :** बीसीसीएल के सुदामडीह कोल वाशरी के स्लरी लोडिंग मजदूरों ने ट्रक लोडिंग चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को बीसीकेयू के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कोल वाशरी पीओ कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन व नारेबाजी कर तीन दिवसीय धरना पर बैठ गये। इस दौरान कोल वाशरी पीओ कार्यालय में प्रबंधन एवं यूनियन प्रतिनिधियों के साथ एक वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन ने स्लरी का ग्रेडिंग कराने के बाद स्लरी बिक्री हेतु ऑफर निकालने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना वापस ले लिया गया है। प्रदर्शन व धरना का नेतृत्व बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री निताई महतो ने किया।

## हाड़ी समाज ने अनुपमा सिंह को इंटक की कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** मंगलवार को अनुपमा सिंह को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय समिति (इंटक) में कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हाड़ी समाज के नेताओं एवं सदस्यों ने बेरमो स्थित उनके कार्यालय में पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। हाड़ी समाज के धनबाद जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा की बीते लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी के रूप में अनुपमा सिंह ने पूरे धनबाद में कम समय में अपनी कड़ी मेहनत से अपनी लोकप्रिय पहचान बनाई है। चुनाव नहीं जीतने के बावजूद लगातार धनबाद में सक्रिय बनी रहती है और लोगों की समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहती है यह बहुत बड़ी बात है। अनुपमा सिंह के इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष बनने से श्रमिकों के हित और उत्थान की दिशा में अग्रसर विकास होगा।बेरमो कार्यालय में विधायक अनूप सिंह ने धनबाद से पहुंचे हाड़ी समाज के सभी पदाधिकारीओं का स्वागत अभिनंदन किया। अनुपमा सिंह को बधाई देने में राजू हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मनोज हाड़ी, अजय हाड़ी, मन्नू हाड़ी, निवास हाड़ी, अमित हाड़ी, बादल हाड़ी मौजूद थे।

## बाजार समिति के व्यवसायी 10 सूत्री समस्याओं को लेकर पणन सचिव से मिले



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को बाजार समिति के व्यवसाईयों ने 10 सूत्री समस्याओं को लेकर बाजार समिति के पणन सचिव राकेश कुमार सिंह से मिला। जिसमें सभी समस्याओं पर सचिव का ध्यान आकृष्ट करते हुए वार्ता की गई। सचिव ने व्यापारियों को आश्वस्त किया की सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर अभिलंब निष्पादन किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, जसविंदर सिंह, विवेक अग्रवाल, संतोष सिंह, मनजीत सिंह, सुधीर बंसल, विनोद सिंघल, इंदर अग्रवाल, सूरज यादव, अमन अग्रवाल इत्यादि व्यापारी उपस्थित थे।

## रोटी बैंक यूथ क्लब ने सम्मानित किया ब्लड बैंक कर्मियों को



**धनबाद :** रोटी बैंक यूथ क्लब द्वारा धनबाद एनएमसीएच हॉस्पिटल में रक्तदान क्षेत्र में कार्यरत ब्लड बैंक कर्मचारियों को सोमवार को विधायक राज सिन्हा प्रदत्त स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि ब्लड बैंक कर्मी 24 घंटा सेवा में लगे रहते हैं। विधायक राज सिन्हा ने सभी आयोजकों को इस कार्यक्रम के लिए सराहा। एनएमसीएच के डॉ वीके पांडे, डॉ. मृत्युंजय, डॉ आशुतोष कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूली ब्लड डोनर ग्रुप के रवि सिंह का सहयोग रहा।

## कोयला मंत्री से मिले ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**धनबाद :** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह और केंद्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव अपने टीम के साथ केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी भारत सरकार, नई दिल्ली से भेंट किया है और कोयला मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी गई। साथ ही भारत सरकार के इस मंत्रालय के द्वारा ओबीसी समाज पिछड़ी जाति के लोगों का अत्याधिक विकास एवं सामाजिक उत्थान पर आपका सहयोग प्राप्त होगा, ऐसा एसोसियेशन आप पर आशा एवं संपूर्ण विश्वास रखता है। श्री यादव ने बताया कि ओबीसी एसोसियेशन जो कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कम्पनियों में कार्य कर रहा है जिसके माध्यम से ओबीसी कर्मचारियों एवं



समाज के लोगों के अधिकार की लड़ाई संरक्षक सांसद सतना (मध्य प्रदेश) गणेश सिंह के संरक्षण में लगातार कई वर्षों से सहयोग प्रदान होने के कारण ओबीसी एसोसियेशन कार्य कर रहा है। श्री यादव ने बताया कि मुख्य दो बिंदु है जो ओबीसी एसोसियेशन के उत्थान के लिए अति आवश्यक है। प्रथम कोल इंडिया एवं अनुषंगी कम्पनियों में डीओपीटी के गाइडलाईन 2005, का पालन कराते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाया जाए। दूसरा कोल इंडिया एवं अनुषंगी कम्पनियों में ओबीसी को पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोल इंडिया की संचालित समितियां जैसे वेलफेयर, सेफ्टी (सुरक्षा), हाउसिंग (आवास आवटन) एवं सभी समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए क्योंकि हम सभी ओबीसी कर्मचारी होने के साथ- साथ ओबीसी एसोसियेशन के प्रतिनिधित्व कर्ता है। एसोसिएशन के ज्ञापन पर कोयला मंत्री ने आश्वासन दिया गया है कि ओबीसी के उत्थान के लिए अवश्य सकारात्मक कार्य होंगे। प्रतिनिधित्व में अध्यक्ष, महासचिव के अलावा केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, महानदी कोल फील्ड अध्यक्ष मिथलेश सिंह, अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इसकी जानकारी एसोसिएशन के बीसीसीएल, सीसीएल, इसीएल मीडिया प्रभारी राम नारायण ने दी है।

## हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त जीवन हो हमारा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** मंगलवार 25 जून को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर समाज कल्याण विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों ने साइकिल से इस रैली में हिस्सा लिया। जागरूकता रैली को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह जागरूकता रैली सिटी सेंटर से शुरू हो कर रणधीर वर्मा चौक तक गई। रैली के समापन पर सभी ने नशा के खिलाफ शपथ भी लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए समाज से अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों और आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान-सम्मान खो देता है। लोगों के साथ परिवार और समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी रुकावट है। नशा एक अभिशाप है, जो दिन प्रति दिन समाज में धुएं की तरह फैलती जा रही है। नशे के कारण लोग हिंसा, शोषण, दुर्घटना आदि के शिकार हो रहे है। नशा एक सामाजिक समस्या है जो दीमक की तरह परिवार, समाज और देश को विनाश की ओर ले जा रहा है।

## टुंडी में राशन दुकानदार के घर हुई लाखों की डकैती

**धनबाद :** धनबाद जिले के पश्चिमी टुंडी के मनियाडीह थाना क्षेत्र के बस्तीकुल्ही गांव में सोमवार की रात हथियार से लैस डकैतों ने राशन दुकानदार के यहां धावा बोलकर लगभग चार लाख की संपत्ति लूट ली। घटना के घंटे बाद भी सूचना के बावजूद पुलिस नहीं पहुंची जिससे लोगों में आक्रोश था। इस दौरान डकैतों ने गृहस्वामी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मनियाडीह पुलिस को देने के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश दिखा। बताया जाता है कि बस्तीकुल्ही गांव में रात 12:30 बजे लगभग आधा दर्जन की संख्या में पिस्तौल से लैस डकैत राशन दुकानदार शूकर मुर्मू के घर में धावा बोल दिए।

## श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर श्रम आयुक्त से मिलीं विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद):** रांची स्थित श्रम भवन में श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा से मंगलवार विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मिली। विधायक ने श्रम आयुक्त के समक्ष भवन एवं संनिर्माण कल्याण बोर्ड का पिछले एक वर्ष से निबंधित निर्माण मजदूरों के लिए संचालित सभी प्रकार के सहायता योजनाओं को पुनः चालू करवाने, झरिया अंचल क्षेत्र में दिनांक 18 जून से 9 जुलाई 2024 तक आयोजित शिविरो में निबंधन प्रक्रिया सर्वर स्लो होने की वजह से प्रभावित होने की शिकायत की। साथ ही श्रमिक मित्रों के स्थायीकरण तथा मानदेय भुगतान सहित विभिन्न मांगो पर जल्द हल निकालने की बात कही। श्रमायुक्त ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### तकनीकी शिक्षा सचिव से मिलीं झरिया विधायक, जल्द ही महाविद्यालय के स्थाई भवन की मिलेगी स्वीकृति

**झरिया (धनबाद):** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मंगलवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार से नेपाल हाउस सचिवालय रांची में मुलाकात की। इस दौरान आरएसपी कॉलेज झरिया के स्थाई भवन निर्माण की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। साथ ही कहा की विधानसभा सत्र के दौरान विभागीय मंत्री ने आश्वस्त किया था की जल्द ही महाविद्यालय के स्थाई भवन की स्वीकृति मिलेगी। साथ ही बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय धनबाद के अप्रोच रोड के लिए जमीन उपलब्ध करवाने हेतु विभागीय सचिव को कहा। प्रधान सचिव ने विधायक को जल्द स्थाई भवन की स्वीकृति मिलने तथा विश्व विद्यालय को अप्रोच रोड के लिए जमीन उपलब्ध करवाने के संबंध में उपायुक्त धनबाद से दूरभाष पर निर्देशित किया।

## बास्केटबॉल में सुजुआ क्लब विजेता और डिनोबिली स्कूल, कोराडीह उपविजेता

प्रतियोगिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में जिले में जारी सप्तहव्याप खेल कार्यक्रम के तहत मंगलवार को डिनोबीली स्कूल, कोराडीह में बास्केटबॉल की स्पर्धा आयोजित हुई। स्कूल के खेल शिक्षक कल्लोल सामंता के देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान डिनोबीली स्कूल कोराडीह की टीम को सिजुआ बास्केटबॉल क्लब की टीम ने 26 - 22 अंक से परास्त करते हुए ओलंपिक डे ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम के तरफ से शिवम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए 10 अंक अर्जित किए जबकि फैजान आलम ने 8 अंक हासिल किए। विजेता टीम के खिलाड़ियों में शिवम कुमार (कप्तान), जीत कुमार, प्रशांत कुमार, फैजान आलम, अजफर आसफी, अयान मलिक, विशाल कुमार, अंशु घोषाल, प्रतीक मालवा तथा कमरोश ओबैद शामिल थे, जबकि उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के नाम आदित्य आयुष (कप्तान), दक्ष



कुमार, निखिल कुमार, कश्यप चंद्रदत्त, कुमार जतिन, युवराज सिंह, प्रत्युष प्रांजल, सत्यम तिवारी, प्रणव कुमार सिंह तथा यश कुमार है। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सीएस. फ्रांसीस के अलावा धनबाद जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास, कोषाध्यक्ष पवन कुमार वर्नवाल के अलावा स्कूल कॉर्डिनेटर डॉली प्रसाद आदि उपस्थित थे। जिनके द्वारा विजेता तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम को सफल बनाने में रिया यादव तथा सौम्या सुमन का सराहनीय योगदान रहा। झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलंपिक संघ के इस ओलम्पिक डे सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के तहत रोलर स्केटिंग की स्पर्धा कल दिनांक 26 जून को मोंटफोर्ट अकादमी, राजगंज में पूर्वाह्न 9 बजे से प्रारंभ होगा।

# अफगानिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में, ऑस्ट्रेलिया बाहर

## सेमी में भारत-इंग्लैंड और अफगानिस्तान-साउथ अफ्रीका आमने-सामने




एजेंसी

**त्रिनिदाद :** अफगानिस्तान ाान ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को 116 रन का टारगेट दिया। बारिश की वजह से एक ओवर की कटौती की गई। तब बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का टारगेट मिला। वेस्टइंडीज के सेंट विसेंट स्टेडियम में राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। सुपर-8 के 3 मैचों में ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक जीती और उसके 2 पॉइंट हैं। अफगानिस्तान ने 2 मैच जीते और 4 पॉइंट के साथ सेमीफाइनल में एंट्री की। अब 27 जून को त्रिनिदाद में भारतीय समय अनुसार सुबह 6 बजे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान का मुकाबला साउथ अफ्रीका से होगा। टीम इंडिया इसी दिन रात 8 बजे गयाना में इंग्लैंड से सेमीफाइनल खेलेगी। आज बांग्लादेश से मुकाबले में राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान ने 115 रन का टारगेट दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। रनचेज कर रही बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही डटे रहे। लिटन ने नाबाद रहते हुए 49 गेंदों में 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के पेसर नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच अफगानिस्तान के नाम कर दिया। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए।

**अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच का स्कोरकार्ड**

**मैच विनर : नवीन उल हक**

टी-20 मैच में 115 रन का टोटल बचा पाना मुश्किल काम है, लेकिन अफगानी पेसर नवीन उल हक ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऐसा कर दिखाया। राशिद खान ने उन्हें पहला ही ओवर दिया। पहले ओवर में नवीन को विकेट नहीं मिला, लेकिन अपने दूसरे ओवर में नवीन ने लगातार 2 विकेट लिए। पहला विकेट था कप्तान नजमुल हसन शांतो का। दूसरा विकेट था दुनिया के टॉप ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का। शाकिब का कैच उन्होंने फॉलोथ्रू में पकड़ा। पावरप्ले में नवीन ने 3 ओवर में 2 विकेट लिए। नवीन की कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। नवीन की वापसी 18वें ओवर में हुई, जब बांग्लादेश के 8 विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 12 गेंदों में 12 रन चाहिए थे।




पहली 3 गेंदों पर सिंगल आए। चौथी बॉल पर सामने थे तस्कीन अहमद, नवीन ने गेंद फेंकी, जो बल्ले से लगकर स्टंप्स से जा टकराई। अब अफगानिस्तान और जीत के बीच सिर्फ एक विकेट का फासला था, लेकिन बारिश आ गई। 2 मिनट में बारिश रुकी और सभी प्लेयर्स मैदान पर आए। नवीन के पास 2 गेंदें बची थीं और बांग्लादेश के पास एक विकेट। सामने थे मुस्तफिजुर रहमान। नवीन ने तेज रफ्तार गेंद फेंकी जो अंदर की ओर आई और मुस्तफिजुर के पैरों से टकरा गई। अंपायर ने छइह आउट करार दिया। उम्र में भी फैसला यही रहा। अफगानिस्तान जीत गई। नवीन ने 4 विकेट लिए।

## एक झलक

### पारी की शुरुआत करते हुए फिर असफल रहे विराट

**ग्रोस आइलेट :** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्वकप सुपर आठ के मुकाबले में भी पारी की शुरूआत करते हुए असफल रहे हैं। विराट इस मैच में पारी की शुरूआत करते अपना खाता भी नहीं खोल पाये और जोश हेजलवुड का शिकार बने। विराट अबतक इस टूनार्मेंट में पारी की शुरूआत करते हुए 6 मैचों में केवल 66 रन बना पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो पारी की शुरूआत उन्हें रास नहीं आ रही है। वह अपने करियर में अधिकतर समय तीसरें नंबर पर उतरते आये हैं। विश्वकप में एक प्रयोग के तौर पर उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरा गया पर ये सफल नहीं रहा। विराट ग्रुप मैचों में दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये थे और आयरलैंड के खिलाफ 1, पाकिस्तान के खिलाफ 4, अमेरिका के खिलाफ 0 पर ही पेवेलियन लौट गये थे। इसके बाद शुरू हुए सुपर आठ में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 24 वह बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन ही बना बनाकर अपने फार्म में आने के संकते दिये थे पर इसके बाद वह एक बार फिर असफल रहे हैं।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार पारी खेली : शोएब अख्तर

**लाहौर :** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली 92 रनों की आक्रामक पारी की जमकर प्रशंसा की है। अख्तर ने कहा कि जिस प्रकार रोहित ने टी20 विश्वकप सुपर आठ के इस अहम मैच में खेला है उसकी जितनी सराहना की जाये वह कम है। रोहित ने इस मैच में 224.39 की स्ट्राइक रेट से 41 गेंदों पर 92 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 8 छक्के लगाए। अख्तर ने कहा कि रोहित ने बल्लेबाजी के दौरान वही किया जो उन्हें करना चाहिए था। साथ ही कहा कि वह रोहित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन बनाते देखना चाहते थे। अख्तर ने कहा, एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद भारतीय टीम जिस निराश से गुजर रही थी वही अब जुनून में बदल गया है। इसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए पूरी ताकत लगा रही थी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इस मुकाबले में भारतीय टीम को 24 रन से जीत मिली।

### हमने जीत कर लारा की बातों को सही साबित किया : राशिद

**किंग्सटाउन :** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा है कि केवल दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा को ही हमारे टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंचने का भरोसा है। राशिद के अनुसार दो महीने पहले ही लारा ने अफगानिस्तान के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं जतायी थीं। तब हमें काफी हैरत भी हुई थी। राशिद ने कहा कि हमने उनसे जीत का वादा किया था जो सफल रहा। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को अंतिम ग्रुप मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से आठ रन से हराकर पहली बार विश्व कप के अंतिम चार में प्रवेश किया है।

## भारतीय गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ़्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएं शामिल हैं। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं। अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं,



लेकिन उन्होंने क्रमशः 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएँ शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती हैं पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्धाएं सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जायेगी।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनानेवाले खिलाड़ी बने रोहित शर्मा

एजेंसी

**ग्रोस आइलेट :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में बतौर कप्तान सर्वाधिक जीत दर्ज करने के अपने समकक्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले के दौरान हासिल की। रोहित ने मैच में 41 गेंदों पर 7 चौके और 8 छक्के की बदौलत 92 रनों की तूफानी पारी खेली। 157 मैचों में, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 32.03 की औसत और 140.75 की स्ट्राइक रेट से 4,165 रन बनाए हैं। बाबर 123 मैचों में 41.03 की औसत से 4,145 रन बनाकर दूसरे स्थान पर खिसक गए। जबकि कोहली 123 मैचों में 48.84 की औसत से 4,103 रन बनाकर तीसरे स्थान पर खिसक गए। इसके अलावा इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराने के बाद रोहित ने बतौर कप्तान अपनी 48वीं टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत हासिल की। बाबर ने भी 85 मैचों में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में पाकिस्तान के कप्तान के रूप में 48 जीत दर्ज की है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। विराट कोहली (00) के जल्दी आउट होने के बाद रोहित शर्मा (41 गेंद, 92 रन, 7 चौके, 8 छक्के) ने तूफानी पारी खेली, उन्हें सूर्य कुमार यादव (16 गेंद 31 रन, 3 चौके, 2 छक्के), शिवम दुबे (22 गेंद, 28 रन, 2 चौके 1 छक्का) और हार्दिक पांड्या (17 गेंद 27 रन 1 चौका, 2 छक्का) का अच्छा साथ मिला और भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रनों का बड़ा स्कोर बनाया।



बतौर कप्तान टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक जीत दर्ज करने के बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की

## विंबलडन में नजर नहीं आयेंगे मरे पेरिस ओलंपिक में भी खेलना संदिग्ध

एजेंसी



**लंदन :** ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे इस बार विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट में नजर नहीं आयेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे की पीठ की सर्जरी हुई है। वहीं विंबलडन अगले माह शुरू हो रहा है। विंबलडन के अलावा उनका ओलंपिक में खेलना भी संदिग्ध है। एटीपी ने कहा कि दो बार के विंबलडन चैंपियन मरे को स्पाइनल सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाने के बाद आगामी विंबलडन से बाहर कर दिया गया है। एटीपी ने अपने संदेश में कहा कि अभी वह आराम करें और फिट हो जाएं हालांकि उनकी कमी खेलेगी। वहीं इससे पहले, उन्होंने बुधवार को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के दौरान इसी चोट के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया था। फ्रेंच ओपन में खेलने से भी मरे की पीठ का दर्द बढ़ा था। वह पहले भी अपने करियर में चोटों से परेशान रहे हैं। साल 2019 में उन्होंने हिप सर्जरी कराकर वापसी की थी। उन्हें प्रमुख आयोजनों के नॉकआउट चरणों से आगे बढ़ना मुश्किल लगता है और हाल ही में उन्हें मार्च में मियामी ओपन में में भी घुटने में दर्द की परेशानी हुई थी।

## अब खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनायेगा पीसीबी

### बड़े टूर्नामेंट में परिवार को साथ ले जाने पर भी लगेगी रोक

एजेंसी




**कराची :** आईसीसी टी20 विश्वकप में पाकिस्तान टीम के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद से ही पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बेहद दबाव में है। ऐसे में वह बड़े बदलाव करने की योजना बना रहा है जिससे की हालात बदले जा सकें। पीसीबी अब खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता भी बनाएगा जिससे खिलाड़ी अन्य बातों पर ध्यान न देते हुए खेल में ही लगे रहे। इसका कारण ये है कि अमेरिका में विश्वकप के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को लेकर जाने और अन्य प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होने से पीसीबी की जमकर किरकिरी हुई है। इसके अलावा जिस प्रकार से तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने प्रशंसकों से झगड़ा किया था उसे भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। टीम में गुटबाजी को भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। कई पूर्व खिलाड़ियों ने आरोप लगाये थे कि कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाइन आफरीदी के गुटों में मतभेद हैं। ये भी कहा जा रहा है कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी कुछ अधिकारियों से भी नाराज हैं। इन अधिकारियों को टीम में व्याप्त अनुशासनहीनता के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पीसीबी भविष्य में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कुछ अधिकारियों को बाहर कर देगा और खिलाड़ियों के लिए कुछ सख्त नीतियां भी लागू करेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों को आईसीसी और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपने परिवारों को साथ ले जाने की अनुमति नहीं देने के बारे में फैसला भी पीसीबी कर सकता है। खिलाड़ी ना केवल अपनी पत्नियों और बच्चों को विश्व कप के लिए ले गए बल्कि उनके माता-पिता, भाई आदि भी टीम होटल में ठहरे जिससे अध्यक्ष नाराज हैं।

### ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत के बाद अर्शदीप ने की कुलदीप की तारीफ, कहा

## वह एक चैंपियन स्पिनर



एजेंसी

**ग्रोस आइलेट :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 24 रन से जीत हासिल करने के बाद अपने साथी कुलदीप यादव की प्रशंसा की और उन्हें चैंपियन स्पिनर कहा। कुलदीप यादव ने अपने चार ओवर के स्पेल में 6.00 की इकॉनमी रेट से दो विकेट लिए और 24 रन दिए। वहीं अर्शदीप सिंह ने अपने चार ओवर के स्पेल में 9.20 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए और 37 रन दिए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अर्शदीप ने कहा कि कुलदीप भारत के लिए खेलते समय हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते हैं, साथ ही वह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। अर्शदीप ने कहा, कुलदीप एक चैंपियन स्पिनर है। जब भी उसे मौका मिलता है, वह अच्छा प्रदर्शन करता है और वह हमेशा विकेटों पर रहा है और आज भी वह कठिन छोर से गेंदबाजी कर रहा था और हवा के विपरीत भी, वह लगभग 6 प्रति ओवर की गति से गेंदबाजी करने में सफल रहा और महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसलिए, वह हमारी टीम में वास्तव में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और हम उससे सब कुछ सीखने के लिए उत्सुक हैं और हमें उम्मीद है कि वह बहुत सारे विकेट लेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक टीम के रूप में उनका आदर्श वाक्य स्टेडियम की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना है। उन्होंने यह भी बताया कि जब वे दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रहे थे तो मेन इन ब्लू को हवा से 'अच्छा समर्थन' मिला। उन्होंने कहा, रखिलाड़ी और टीम के तौर पर हमारा लक्ष्य परिस्थितियों के अनुकूल ढलना है। जब हम इस छोर से गेंदबाजी कर रहे थे, तो हमें हवा से अच्छा समर्थन मिल रहा था और गेंद स्विंग कर रही थी। लेकिन जब आप दूसरी छोर से गेंदबाजी कर रहे होते हैं, तो आपको हवा के विपरीत दिशा में दौड़ना होता है और आपको देखना होता है कि बल्लेबाज उस तरफ से शॉट मारने की कोशिश कर रहे थे और छक्के उस तरफ से जा रहे थे।

## चेन्नईयिन एफसी ने गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ किया दो साल का करार

एजेंसी



**चेन्नई :** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र से पहले युवा मणिपुरी गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ दो साल का करार किया है। एआईएफएफ एलीट अकादमी से निकले नवाज पहले मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा का हिस्सा थे। उन्होंने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित की है। नवाज का आना चेन्नईयिन टीम में अन्य गोलकीपर समिक मित्रा और प्रतीक कुमार सिंह के साथ एक रोमांचक जुड़ाव है। 24 वर्षीय नवाज युवा ऊर्जा और असाधारण क्षमता लेकर आए हैं और उनसे आगामी सीजन में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है। नवाज ने अपने पेशेवर करियर में अब तक 83 मैच खेले हैं, जिसमें 23 क्लीन शीट हासिल की हैं। 65 आईएसएल मैचों में, उन्होंने 15 क्लीन शीट और 150 सेव दर्ज किए हैं। उन्होंने आईएसएल में तीन पेनल्टी भी बचाई हैं। नवाज ने अपने पेशेवर करियर की शुरूआत 18 साल की उम्र में आई-लीग सेकंड डिवीजन में एफसी गोवा की रिजर्व टीम के साथ की थी, जहां उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें मुख्य टीम में जगह दिलाई।

## वॉर्नर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया रिटायरमेंट

### भारत के खिलाफ करारी हार के साथ खत्म हुआ 15 साल का करियर

एजेंसी




**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक सोशल पोस्ट ने वॉर्नर के रिटायरमेंट का ऐलान किया। उअ ने पोस्ट में वॉर्नर के 15 साल के करियर के यादगार लम्हे को कुछ फोटो के जरिए दिखाया। 37 साल के वॉर्नर का रिटायरमेंट मंगलवार सुबह खेले गए बांग्लादेश-अफगानिस्तान मैच पर टिक था। सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई मिचेल मार्श ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वॉर्नर का संन्यास अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच के रिजल्ट पर निर्भर करेगी। यदि हमारी टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाती है, तो वॉर्नर अगला मैच खेलेंगे, नहीं तो संन्यास ले लेंगे, हालांकि वॉर्नर ने अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है। आज अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। इसी के साथ वॉर्नर का 15 साल का यादगार सफर भारत के खिलाफ करारी हार के साथ समाप्त हुआ। सोमवार रात को भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आखिरी सुपर-8 मैच में 24 रनों से हराया। वॉर्नर वनडे और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने वनडे से संन्यास लेते हुए कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी में जरूरत पड़ी तो मैं उपलब्ध रहूंगा। वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं, इसमें 2015 और 2023 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है। वॉर्नर 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे।

**टी-20 इंटरनेशनल में वॉर्नर का सफर**

**वॉर्नर** टी-20 इंटरनेशनल में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## आगामी घरेलू सत्र से वापसी कर सकते हैं शार्दूल

एजेंसी




**लंदन :** भारतीय टीम के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अभी अगले तीन से चार माह तक खेल से दूर रहेंगे। शार्दूल के पैर की हाल ही में सर्जरी हुई है। ऐसे में वह आगामी घरेलू सत्र से पहले या ठीक उसी समय वापसी कर सकते हैं। शार्दूल को इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि इसके बाद भी वह रणजी ट्रॉफी में खेले थे पर इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से ब्रेक का अनुरोध किया था। शार्दूल बीसीसीआई के ग्रेड सी के वार्षिक अनुबंध धारक हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड द्वारा उठाया गया। जहां तक उनकी वापसी का सवाल है, तो इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर मामले माना जा रहा है कि वह सितम्बर के बाद ही अभ्यास के लिए लौट पायेंगे। पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी पर इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान यह चोट फिर से उभर आयी थी।

## इटली, स्पेन अंतिम 16 में, क्रोएशिया बाहर

**यूरो 2024**

एजेंसी

**बर्लिन :** मैटियास जाकाग्नि द्वारा अंतिम समय में किये गए गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन इटली ने क्रोएशिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर यूरो 2024 के अंतिम-16 चरण में प्रवेश किया, जबकि स्पेन ने सोमवार को ग्रुप बी के अंतिम दौर में अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्रोएशिया ने आक्रामक शुरूआत की, क्योंकि उसे पता था कि केवल जीत से ही वह अंतिम 16 के दौर में पहुंच सकेगा। उसे गोल करने के कई मौके भी मिले, लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई। पहला हॉफ गोल रहित समाप्त हुआ। मध्यांतर के बाद क्रोएशिया ने एक बार फिर अच्छी शुरूआत की। मैच के 55 मिनट में लुका मोड्रिक ने गोल कर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इटली ने क्रोएशिया के गोल क्षेत्र पर आक्रमण शुरू कर दिया, क्योंकि उन्हें अगले दौर के लिए अपनी जगह पक्की करने के लिए कुछ और मौके की जरूरत थी। मैच के अतिरिक्त समय में मैटियास जाकाग्नि ने आखिरकार गोल कर इटली को 1-1 से बराबरी दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में, अग्रणी स्पेन ने फेरान टोरेस के एकमात्र गोल से अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला तीन मैचों तक बढ़ा दिया। स्पेन ग्रुप बी में 9 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद इटली (4 अंक), क्रोएशिया (2 अंक) और अलाबानिया (1 अंक) का स्थान रहा। प्रत्येक छह समूहों में से शीर्ष दो और तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें राउंड-ऑफ-16 नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।





क्रोएशिया के जोसिप सुटालो और इटली के मैटियो रेटीगुई।

## एक झलक

### गाजा में युद्ध के समाप्त होने की सम्भावनाएं कम

**तेल अवीव :** गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होऊंगा। जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र कर कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

### बांग्लादेश का कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां नहीं रहा

**ढाका :** बांग्लादेश का सबसे कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां 74 वर्ष की आयु में दुनिया को छोड़ गया। एक साल पहले ही उसे जेल से रिहा किया गया था। शाहजहां ने बांग्लादेश के सीरियल किलर, युद्ध अपराधों के दोषी विपक्षी नेताओं और तख्तापलट की साजिश रचने वालों को फांसी पर चढ़ा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद शाहजहां ने 96 पन्नों की एक किताब भी लिखी। इसमें उसने जल्लाद के रूप में अपने अनुभव को साझा किया। यह किताब बांग्लादेश के सबसे बड़े पुस्तक मेले में बेस्ट सेलर रही। यह जानकारी बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बंगबंधु के छह हत्यारों सहित 26 दोषियों को फांसी देने वाले 74 वर्षीय जल्लाद शाहजहां भुइयां को 'जोलाड शाहजहां' के नाम से जाना जाता है।

### विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से रिहा

**लंदन :** विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया। विकीलीक्स ने सोमवार शाम लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। लंदन के समाचार पत्र द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में इस घटनाक्रम की विस्तार से चर्चा की है। सोमवार रात जारी अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज के अनुसार, असांजे राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे।

### पाकिस्तान में लुप्तप्राय फारसी तेंदुआ का शिकार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के डेरा बुगती जिले में एक लुप्तप्राय फारसी तेंदुए का शिकार करने के आरोप में पुलिस ने सात आदिवासियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डान समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिले के जैन इलाके में आदिवासियों ने अपने मवेशियों की रक्षा के लिए तेंदुए को मार डाला। डेरा बुगती के उपायुक्त इजाज खान ने कहा कि जिला प्रशासन ने वन्यजीव संरक्षण, संरक्षण, संरक्षण और प्रबंधन अधिनियम 2014 के तहत मामला दर्ज किया है और आदिवासियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

### जूलियन असांजे और अमेरिकी सरकार के बीच समझौता

**वाशिंगटन :** विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी सरकार के साथ हुए एक समझौते के तहत अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज लीक करने के मामले में दोष मानने को तैयार हो गए हैं। इस समझौते के तहत असांजे की कानूनी लड़ाई खत्म हो जाएगी, जो करीब 15 वर्ष लंबी चली। इसके साथ ही असांजे का वनवास भी खत्म हो जाएगा और वह अपने देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकते है।

# अमरनाथ यात्रा पर मंडराया आतंकी हमले का खतरा

■ आर्मी व पुलिस ने की रियासी और पुलवामा जैसे हमलों से निपटने की तैयारी



एजेंसी

**जम्मू :** 29 जून से शुरू होने जा रहे अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले का खतरा मंगराने लगा है। इस बात की जानकारी जम्मू-कश्मीर के पुलिस निरीक्षक वीके बिरदी ने दिया है। यात्रा शुरू होने से पहले डीजीपी ने राज्य के सभी बड़े अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने यात्रा के दौरान किसी भी संभावित खतरे का जवाब देने का निर्देश दिया है। कुल 52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। जम्मू संभाग में इस महीने की शुरूआत में कई आतंकी हमले की घटनाओं के बाद प्रशासन दोगुना सतर्क है।

**अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश**

पुलिस नियंत्रण कक्ष कश्मीर के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक में एसएएनजेवाई-2024 के शांतिपूर्ण संचालन की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत करने तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों (एएनई) एवं आतंकवादी सहयोगियों पर क्रियाशील बुद्धि का इस्तेमाल कर जांच करने पर जोर दिया। आईजीपी ने किसी भी संभावित खतरे के लिए समन्वय और समय पर प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों से अपने कर्तव्यों में सतर्क तथा सक्रिय रहने का आग्रह किया।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दी जानकारी**

बैठक में मध्य कश्मीर रेंज के डीआइजी, उत्तरी कश्मीर रेंज के डीआइजी, दक्षिण कश्मीर रेंज के डीआइजी, कश्मीर जोन के सभी जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), एसएसपी ट्रैफिक सिटी, एसएसपी ट्रैफिक ग्रामीण, एसएसपी सुरक्षा, एसएसपी एपीसीआर, एसपी टेलीकम्युनिकेशन ने भी भाग लिया। शुरूआत में भाग लेने वाले अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से आईजीपी को अपने संबंधित जिलों की विशिष्ट आवश्यकताओं और अमरनाथ यात्रा-2024 के सुचारू संचालन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था सहित सुरक्षा योजना की जानकारी दी।

**लगातार मॉक ड्रिल करने का आदेश**

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जमीन पर उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एसओपी के आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी रणनीतिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करके सभी शिविर स्थलों पर मजबूत सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक यात्रा शिविर में पर्याप्त जनशक्ति सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक का समापन आईजीपी की ओर से यात्रा के लिए एक सुरक्षित, सुचारू और संरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पुलिस की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त करने के साथ हुआ जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि तीर्थयात्री अपनी आध्यात्मिक यात्रा बड़े उत्साह तथा मन की शांति के साथ कर सकें।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

# पेपर लीक किया, तो होगी उम्रकैद एक करोड़ तक का लगेगा जुर्माना



■ उप्र. सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश को योगी कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी

**लखनऊ :** योगी आदित्यनाथ की सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 को मंजूरी प्रदान की। इस अध्यादेश में पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ दो साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने के प्रावधान किए गए हैं। पेपर लीक अथवा अन्य कारणों से परीक्षा प्रभावित होने पर खर्च की भरपाई साल्वर गैंग से की जाएगी। परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली कंपनियों और सेवा प्रदाताओं को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्रावधान किया गया है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक के फैसलों की जानकारी दी। खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। इसके तहत यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नति करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपये के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

मंत्री खन्ना ने बताया कि यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है।

# गैसोलीन के साथ 12 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन करता है भारत : प्रह्लाद जोशी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय चीनी संगठन (आईएसओ) की 64वीं परिषद बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन भाषण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लगभग 5 करोड़ किसान गन्ने की खेती में लगे हुए हैं और यह उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत गैसोलीन के साथ 12 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन करता है। जल्द ही हम 20 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

आईएसओ की 64वीं परिषद बैठक में गन्ना, चीनी और संबंधित क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं, चुनौतियों और रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए 30 से अधिक देशों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। बैठक 27 जून, 2024 को समाप्त होगी। इससे पहले भारत ने 2012 में आईएसओ परिषद के 41वें सत्र की मेजबानी की थी।

भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव और आईएसओ के अध्यक्ष संजीव चोपड़ा ने बताया कि भारत और ब्राजील दोनों शीर्ष दो चीनी उत्पादक देश हैं, इसलिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल उच्च उपज और सुक्रोज सामग्री वाली उन्नत किस्मों को विकसित करने के लिए गन्ना अनुसंधान और विकास में सहयोगात्मक और समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए। आईएसओ के कार्यकारी निदेशक जोस ओरियो ने आईएसओ के मामलों को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने और इतने भव्य तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारत को बधाई दी। उन्होंने भारत सरकार और भारतीय चीनी और जैव ईंधन उद्योग के बीच तालमेल की सराहना की, जिसने इस क्षेत्र में भारत के विकास में योगदान दिया है।

### उड़ीसा में नक्सलियों ने 4 लोगों को बनाया बंधक

**भरतपुर :** उड़ीसा में नक्सलियों ने 4 लोगों को बंधक बनाकर उन्हें छोड़ने के बदले में डेढ़ करोड़ की फिरौती मांगी है। बंधक बनाए गए लोगों में एक व्यक्ति डीग जिले का रहने वाला है। व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि सामदीका का रहने वाला फैसल उड़ीसा में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करता है। वह जल जीवन मिशन के तहत उड़ीसा के जंगलों में पाइप लाइन डालने के लिए अपने साथी के साथ खुदाई कर रहा था। तभी वहां 6 नक्सलियों की गैंग आई और दोनों को बंधक बना लिया। बंधक की घटना के बाद कंपनी के दो मैनेजर नक्सलियों से बात करने के लिए गए। तब नक्सलियों ने दोनों मैनेजरों को भी बंधक बना लिया।

## तेलंगाना में गरीब छात्रों की सेवा के नाम पर उगाही, ईडी ने दर्ज किया केस

■ विदेश से मिले चंदे के हेरफेर की जांच के बाद ईडी ने ऑपरेशन मोबिलिटी (ओएम) के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया

एजेंसी

**हैदराबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विदेशों से दान के हेरफेर के मामले में तलाशी के बाद ऑपरेशन मोबिलिटी (ओएम) के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। तेलंगाना सीआईडी में दर्ज मामले के आधार पर एक और मामला दर्ज करने वाले ईडी अधिकारियों ने 11 स्थानों पर तलाशी ली। ईडी ने दावा किया कि ओएम समेत अन्य संस्थाओं के नाम पर विदेशी दानदाताओं से 300 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ईडी ने कहा कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, डेनमार्क, जर्मनी, ब्राजील, फिनलैंड, आयरलैंड, मलेशिया, रोमानिया, सिंगापुर और नॉर्वे सहित कई देशों से धन एकत्र किया गया है। यह दान उनके द्वारा संचालित लगभग 100 स्कूलों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति और अनाथ बच्चों को सुविधाएं प्रदान करेगा एकत्रित के रूप में पहचाना गया।

# भाजपा ने अपने लोकसभा सदस्यों को जारी किया व्हिप

**नयी दिल्ली :** लोक सभा अध्यक्ष के लिए बुधवार को चुनाव होना है। इस चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सभी लोक सभा सदस्यों को 26 जून को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

एनडीए ने लोक सभा अध्यक्ष पद के लिए कोटा से भाजपा सांसद ओम बिड़ला को उम्मीदवार बनाया है। वे 2019 से 2024 तक लोकसभा के स्पीकर रहे हैं। जबकि इंडिया ब्लाक की ओर से कांग्रेस ने आठ बार से सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भी अपने सभी लोक सभा सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। एनडीए के उम्मीदवार ओम बिड़ला मजबूत स्थिति में हैं। उन्हें 293 सांसदों का समर्थन है। इनके अलावा कुछ निर्दलीय और अन्य छोटे दलों के सांसदों का भी उन्हें समर्थन मिल सकता है। दूसरी ओर विपक्ष के उम्मीदवार के. सुरेश के समर्थन में करीब 234 सांसद हैं।

## पशुधन गणना कार्यशाला के उद्घाटन के साथ डेटा संग्रह के लिए मोबाइल एप्लीकेशन का हुआ शुभारम्भ




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आज मंगलवार को विज्ञान भवन में 21वीं पशुधन गणना कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन भी मौजूद थे। कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री ने 21वीं पशुधन डेटा संग्रह के लिए विकसित मोबाइल एप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पशुधन गणना की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और उसे लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकत्र किया गया डाटा भविष्य की पहलों को आकार देने और क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सितंबर-दिसंबर 2024 के दौरान निर्धारित आगामी पशुधन गणना के लिए एक समन्वित और कुशल दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है।

राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने रणनीतिक कार्यशाला आयोजित करने के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को अपनी समझ और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने बताया कि गणना के आंकड़े सतत विकास लक्ष्यों के राष्ट्रीय संकेतक ढांचे में योगदान देंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने कहा कि यह विभाग सटीक और कुशल डेटा संग्रह के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पशुपालन क्षेत्र की भविष्य की नीतियों और कार्यक्रमों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने गणना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीकों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

### दिल्ली में मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मंगोलपुरी में एक मस्जिद के अवैध हिस्से हो हटाने के लिए मंगलवार सुबह बुलडोजर पहुंच गया और अवैध हिस्से को दिल्ली नगर निगम ने हटा दिया। दिल्ली पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच कार्रवाई के दौरान भीड़ जमा हो गई। कार्रवाई करने के लिए टीम को विरोध का सामना भी करना पड़ा। दिल्ली पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात किया गया था। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोग भारी संख्या में एकजुट होकर घटनास्थल पर पहुंच गए थे। इस दौरान कई लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में अवैध कब्जे को लेकर नगर निगम कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई के दौरान विरोध करने वाले लोगों ने पथराव करने का प्रयास भी किया।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी 06 सितम्बर को होगी रिलीज



एजेंसी

**मुम्बई :** बॉलीवुड लोकसभा चुनाव के बाद से क्वीन कंगना रनौत लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। कंगना हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़कर सांसद बनीं और संसद भवन पहुंचीं। हाल ही में कंगना ने लोकसभा सत्र में सांसद पद की शपथ ली। अब सांसद बनने के बाद कंगना इंदिरा गांधी बन दर्शकों से मिलेंगी। कंगना की फिल्म "इमरजेंसी" की रिलीज डेट हाल ही में घोषित की गई है।

कंगना की फिल्म "इमरजेंसी" अक्टूबर 2023 में रिलीज होने वाली थी। लेकिन इसके बाद फिल्म की रिलीज डेट 24 नवंबर कर दी गई। इसके बाद भी फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई। कहा जा रहा था कि फिल्म 14 जून को रिलीज होगी लेकिन किन्हीं कारणों से फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर टाल दी गई। अब आखिरकार लोकसभा चुनाव के बाद और सांसद चुने जाने के बाद कंगना की फिल्म "इमरजेंसी" को मौका मिला गया है। कंगना रनौत स्टारर "इमरजेंसी" की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। यह फिल्म 6 सितंबर को हर जगह रिलीज होगी। तो अब फैंस को कंगना की इस पॉपुलर फिल्म का इंतजार खत्म हो गया है।

फिल्म "इमरजेंसी" से भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी पर टिप्पणी की जाएगी। इसमें 1975 के आपातकाल के दौर को दिखाया जाएगा।

# सोना उगलने के साथ राजस्थान में राजस्व के नये द्वार खोलेगी भूकिया-जगपुरा खान

■ अपफ्रंट पेमेंट के रूप में मिलेंगे 500 करोड़ रुपये, 50 साल में मिलेगा एक लाख करोड़ का राजस्व




एजेंसी

**जयपुर :** प्रदेश की पहली सोने की खान सोना उगलने के साथ ही राजस्थान में औद्योगिक निवेश, रोजगार और राजस्व के नए द्वार खोलेगी। भूकिया-जगपुरा की माइनिंग लीज की नीलामी से राज्य सरकार को ऑक्शन के साथ ही अपफ्रंट पेमेंट के रूप में तीन किश्तों में 500 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिसकी पहली किश्त 15 दिन में 100 करोड़ के रूप में प्राप्त हो जाएगी। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि इस गोल्ड माइन में खनन कार्य शुरू होने के बाद मोटे अनुमान के अनुसार अगले 50 सालों में राज्य सरकार को प्रीमियम, रॉयल्टी, डीएमएफटी, एनएमइटी आदि के रुप में एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। केवल गोल्ड माइनिंग व प्रोसेसिंग से ही प्रदेश में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा।

माइंस विभाग ने बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा और कांकरिया-गारा में प्रदेश की पहली सोने की खानों के लिए 6 मार्च को ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू की। माइनिंग लीज के लिए 16 मई को और कंपोजिट लाइसेंस के लिए 17 मई को निविदादाताओं ने बोली लगाई। मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पहली सोने की खान की सफल नीलामी में 65.30 प्रतिशत प्रीमियम प्राप्त हुआ है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि गोल्ड की इन खानों से सोने के साथ ही अन्य सह खनिज कॉपर, कोबाल्ट, निकल आदि भी प्राप्त होगा। इससे प्रदेश में ज्वैलरी उद्योग के साथ ही एरोस्पेस, इलेक्ट्रोनिक, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होंगे। प्रदेश में सह खनिजों से जुड़ी इण्डस्ट्रीज के नए निवेश से राजस्व और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के विपुल अवसर विकसित होंगे।

आनन्दी ने बताया कि भूकिया जगपुरा गोल्ड माइंस की माइनिंग लीज के लिए की गई निविदा प्रक्रिया में तकनीकी रुप से पांच निविदादाता वित्तीय निविदा में बोली लगाने के लिए सफल रहे। इनमें रामगढ़ मिनरल्स एण्ड माइनिंग लिमिटेड कर्नाटक, हीराकुण्ड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड़ अहमदाबाद, जिन्दल पॉवर लिमिटेड छत्तीसगढ़, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड उदयपुर और सैयद ओवैस अली रतलाम ने वित्तीय निविदा में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सैयद ओवैसी अली रतलाम ने सर्वाधिक 65.30 प्रतिशत प्रीमियम के साथ यह नीलामी अपने नाम कर ली है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा के क्षेत्र में सोने के विपुल भण्डार हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के भू-वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र में तांबें की खोज के लिए किये जा रहे एक्सप्लोरेशन के दौरान यहां पहली बार स्वर्ण अयस्क के संकेत देखे गये। इस क्षेत्र में व्यापक एक्सप्लोरेशन के बाद 940.26 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। यहां स्वर्ण अयस्क के खनन के दौरान सह खनिज भी निकलेंगे।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि बांसवाड़ा घाटोल के ही कांकरिया-गारा में आरंभिक खोज के दौरान स्वर्ण अयस्क के संकेत मिलने पर यहां फर्दर एक्सप्लोरेशन के लिए कंपोजिट लाइसेंस के लिए ई-नीलामी की गई है। कांकरिया-जारा में 205 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 1.24 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क संभावित है।